**सुविचार**

आत्मविश्वास हमारा सबसे बेहतरीन साथी हैं, बिना इसके घर से ना निकलें, अनिवार्य नहीं है कि इससे सफलता मिलेगी लेकिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति अवश्य मिलेगी।

Daily **THE PHOTON NEWS** सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi • Thursday, 18 May 2023 • Year : 01 • Issue : 121 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com




अपनी बेटी समायरा रेखी के लिए बोली... 08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,560.64 |
| निफ्टी | : | 18,181.75 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,765 |
| चांदी | : | 78.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# राज्य के बॉर्डर इलाके से कैसे प्रवेश कर रहे बांग्लादेशी : HC

## घुसपैठियों के झारखंड घुसने के मामला में केंद्र से जवाब तलब

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए कैसे घुस जा रहे हैं। इस सवाल का जवाब देने के लिए हाईकोर्ट ने समय तय किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत गृह मंत्रालय को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के बाद अगली तारीख 19 जुलाई निर्धारित की है। बुधवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में घुसने से संबंधित दायर याचिका पर सुनवाई हुई। यह जनहित याचिका है, जिसे डेनियल दानिश ने दायर की है। डेनियल दानिश की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में जो जनहित याचिका दायर की गयी है, उसमें कहा गया है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। इस वजह से इन जिलों में जनसंख्या पर असर पड़ रहा है। वहीं इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्टेबल किए जा रहे हैं। स्थिति यह हो गयी है कि अब स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है।



झारखंड हाईकार्ट

**क्या है प्रार्थी की मांग**

दायर याचिका के माध्यम से मांग की गयी है कि भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करें। बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। उनके द्वारा झारखंड में लोगों को कैसे गुमराह कर रहे हैं। बात वैवाहिक संबंध स्थापित करने तक आ गई है। सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

# चाईबासा : नक्सलियों ने मोबाइल टावर को जलाया



मोबाइल टावर को आग के हवाले कर पूरी तरह से तहत-नहस कर दिया।

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिले के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा में नक्सलियों ने टावर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगा मोबाइल टावर को पेट्रोल डालकर जला दिया। साथ ही पर्चा भी छोड़ा है। बताया जाता है कि गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पाटुंग गांव में एयरटेल मोबाइल टावर काम चल रहा था। यहां मंगलवार देर शाम हथियारबंद नक्सली पहुंचे और पेट्रोल डालकर टावर के मशीनों में आग लगा दिया और पोस्टर छोड़कर चले गए। इस घटना में टावर का उपकरण पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि मोबाइल टावर का काम पूरा कर लिया गया था और इसे जल्द ही चालू किया जाना था।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि मोबाइल टावर को क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिली है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पता चला कि नक्सलियों ने मोबाइल टावर को आग के हवाले कर उसे पूरी तरह से तहत-नहस कर दिया है।

# BRIEF NEWS

### NIA ने 15 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को रिमांड पर लिया

**RANCHI :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 15 लाख के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ आनंद को रिमांड पर लिया है। गिरिडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के मंडलडीह, लेधवा निवासी से एनआईए 20 मई तक पूछताछ करेगी।पारसनाथ इलाके का आतंक कृष्णा हांसदा को जनवरी में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एनआईए ने टेरर फंडिंग के एक मामले में जनवरी 2021 में मनोज कुमार, कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ सौरभ दा उर्फ आंनद, सुनील मांझी उर्फ सुनील मुर्मू उर्फ सुनील सोरेन उर्फ चोपा सोरेन और मनोज कुमार चौधरी पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था।

### देश में 100 से ज्यादा ठिकानों पर एनआईए का छापा

**NEW DELHI :** आतंकवाद के तार, नशीले पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर्स के गठजोड़ पर करारा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज (बुधवार) देश के विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापा मारा है। एजेंसी की अहलेसुबह से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत निकटवर्ती राज्य हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में 100 से अधिक ठिकानों पर कारवाई जारी है। इस दौरान सुरक्षा एजेंसी उन नेटवर्कों की तलाश में जुटी है, जो आतंकवाद समेत नशीले पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर्स की गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली एनसीआर में 32 जगह दबिश दी गई है। पंजाब में 60 से अधिक ठिकानों पर एनआईए ने छापा मारा है। इसका लक्ष्य देश में गैंगस्टर-आतंकी गठजोड़ की कमर तोड़ना है।

### एनोस एक्का के बाद उनकी पत्नी मेनन को भी सुप्रीम कोर्ट से मिली बेल

**RANCHI :** मधु कोड़ा कैबिनेट में मंत्री रहे एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जीके माहेश्वरी की बेंच में मेनन एक्का की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने हिरासत अवधि (कस्टडी) को देखते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली। मेनन एक्का की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और गौरव अग्रवाल ने बहस की। मनी लॉन्ड्रिंग केस में दोषी मेनन एक्का को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत के लिए गुहार लगाई थी।

### जमीन देने के नाम पर 46 लाख की ठगी

**RANCHI :** अरगोड़ा थाना में एक एकड़ जमीन देने के नाम पर जालसाजी और धोखा कर 46 लाख की ठगी करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में अरगोड़ा निवासी शनि कुमार साहू ने अरगोड़ा के पीपर टोली निवासी मीना तिग्गा और उसके भाई कार्तिक तिग्गा के खिलाफ जमीन का एकरनामा करके 46 लाख रुपये लेकर जमीन नहीं देने का आरोप लगाया है। साथ ही एसटी एससी केस में फंसाने का भी धमकी दिया है।

# कोयला निकालने के दौरान बंद खदान की गहरी खाई में गिरा मासूम, मौत

## घंटों कोशिश के बाद भी पानी से नहीं निकाल पाए शव

**PHOTON NEWS GODDA :** ललमटिया थाना क्षेत्र के ईसीएल की राजमहल परियोजना की बंद खदान में गिरने से एक किशोर लापता हो गया है। बंद खदान में पानी भरा है। इसकी गहराई भी काफी अधिक है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार की सुबह कोयला चुनने गए किशोर 14 वर्षीय शहनवाज अंसारी राजमहल परियोजना के खनन क्षेत्र स्थित गहरी खाई में जा गिरा। उसमें पानी भरा हुआ है। बताया जाता है कि बड़ा भोड़ाई के रहने वाले सजाम अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी अपने कई अन्य साथियों के साथ बुधवार के भोर करीब तीन बजे खनन क्षेत्र में प्रवेश कर करीब 250 फीट नीचे कोयला के फेस के पास कोयला निकालने का काम कर रहा था। इस दौरान असंतुलित होने के कारण कोयला के फेस से 60 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें अथाह पानी था। शाहबाज अंसारी के साथियों ने शाहबाज के बारे में अन्य लोगों को बताया कि वह खनन क्षेत्र में स्थित गहरी पानी में गिर गया है। घटना की सूचना सुबह तक आग की तरह फैल गई। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा मिलने पर ललमटिया थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह दल बल के साथ खनन क्षेत्र के अंदर घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। युवक को पानी में डूबे गहरी खाई से निकालने के लिए थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह के सहयोग से बिहार के बांका जिला से तीन गोताखोर मंगाया गया। गोताखोर ने दोपहर दो बजे से लेकर चार बजे तक काफी खोजबीन की गई लेकिन युवक का शव को निकालने में असफल रहे। देर संध्या एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर राजमहल परियोजना के खनन क्षेत्र के घटनास्थल का जायजा लिया। अंधेरा हो जाने के कारण एनडीआरएफ की टीम ने खनन क्षेत्र के खाई में प्रवेश नहीं किया। एनडीआरएफ की टीम द्वारा गुरुवार को सुबह बच्चे की खोज करेगी।



शाहबाज अंसारी की फाइल फोटो

# प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने की थी जमीन कारोबारी राजकुमार की हत्या, दाउली बरामद

## पुलिस से बचने के लिए वट सावित्री पूजा के लिए खरीदा था सामान

**CRIME REPORTER RANCHI :** रातू थाना की पुलिस ने जमीन कारोबारी राजकुमार साही की हत्या करने के आरोप में उसकी पत्नी सोनी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। सोनी देवी ने जिस दाउली से राजकुमार की हत्या की थी पुलिस ने उसे बरामद कर लिया है। सोनी से रातू थाना में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सोनी अपने पति के प्रताड़ना से तंग आकर उसने पति को मार डाला। सोनी ने पुलिस को बयान दिया है कि शादी के बाद से ही पति उसे प्रताड़ित करने लगा था। आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। सोमवार की रात पति पत्नी के बीच में विवाद होने के बाद राजकुमार ने सोनी के साथ मारपीट की थी। इसी बात पर सोने ने दाउली से राजकुमार पर हमला कर दिया था जिससे राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि सोनी को गुरूवार को जेल भेजा जाएगा। एफएसएल की टीम ने दाउल से फिंगर प्रिंट का नमूना लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला पुलिस से बचने के लिए सुबह सुबह अपने घर से निकल गई थी। उसने वट सावित्री पूजा का सामान खरीदा था ताकि पुलिस को कोई शक नहीं हो। इसके बाद सोनी रांची चली आई थी। सोने ने पुलिस को बयान दिया था कि उसने पति को बताया था इसके बाद वह घर से निकली थी। लेकिन पुलिस की जांच में पता चला कि राजकुमार की मौत काफी देर पहले हो चुकि थी।



राजकुमार साही की फाइल फोटो

### पड़ोसियों ने पत्नी पर जताया था शक, पूछताछ के बाद हुआ खुलासा

पड़ोसियों ने सोनी देवी पर शक जताया था कि वह राजकुमार की हत्या कर सकती है। इस वजह से पुलिस ने सोनी से कडाई से पूछताछ की इसके बाद इस मामले का खुलासा हो गया। पड़ोसियों ने पुलिस को बयान दिया था कि राजकुमार के घर में आए दिन झगड़े होते रहते थे। पूरा मोहल्ला इसका गवाह है। राजकुमार की पत्नी सोनी ने पुलिस को जो बयान दिया था वह बनवाटी था। इसके बाद पुलिस ने सोनी को हिरासत में लिया और मामले का खुलासा किया। सोनी ने पुलिस को बताया कि हत्या करने के बाद उसने अपने भाई को घर बुलाया था ताकि शव का ठिकाना लगाया जा सके। लेकिन भाई ने मदद करने से मना कर दिया था और वह अपने घर चला गया था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को लाया गया RANCHI

## झारखंड एटीएस की टीम ने मुंबई से किया था गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद अमन श्रीवास्तव को आज बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई से रांची लाया गया। इस दौरान रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। क्योंकि इससे पहले जब रांची पुलिस पांडेय गिरोह के विकास तिवारी को नोएडा से गिरफ्तार कर रांची लायी थी, तो यहां सुशील श्रीवास्तव के बेटे अमन श्रीवास्तव के कहने पर गैंग के शूटर सुजीत सिन्हा ने विकास तिवारी की हत्या के लिए तीन शूटर्स भेजे थे। हालांकि पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। झारखंड एटीएस की टीम ने मुंबई एटीएस के सहयोग से अमन श्रीवास्तव को मंगलवार को मुंबई के वाशी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। मंगलवार को अमन श्रीवास्तव मुंबई कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद उसे ट्रांजिड रिमांड पर रांची लाया गया। अमन के खिलाफ रामगढ़, लातेहार और रांची जिले के अलग-अलग थाने में कुल 23 मामले दर्ज हैं।

# LAND SCAM : कोलकाता के फाइव स्टार होटल में होती थी डील

## महीनों तक बुक रहते थे लग्जरी कमरे, कई राउंड होती थी बैठक

**CRIME REPORTER RANCHI :** लैंड स्कैम की जांच आगे जैसे-जैसे एक पायदान पार कर रही है। वैसे-वैसे उससे जुड़ी नयी जानकारियां सामने आ रही हैं। अब तक की जांच में यह तथ्य सामने आया है, कि शहर के अलग अलग इलाकों में विवादित भूमि की खरीद-बिक्री और पेपर तैयार करने के खेल से बेशुमार पैसा कमाया गया है। सारे पैसों की डीलिंग कैश में ही हुई है। वहीं लैंड स्कैम में शामिल आरोपियों का काम भी बंटा हुआ था। एक टीम विवादित भूमि के दस्तावेज तैयार करने का काम करती थी। तो दूसरी टीम कब्जा और इन्वेस्टर का काम करती थी। पूरी तैयारी के लिए कई राउंड की बैठक होती थी और यह बैठक कोलकाता के पांच सितारा होटलों के लग्जरी कमरे में होती थी। महीनों-महीनों तक होटर की लग्जरी करे बुक रहीती थी। जानकारी के मुताबिक, अफसर अली उर्फ अफसू, तलहा खान उर्फ सन्नी खान, प्रदीप बागची, इम्तियाज खान एक-एक महीने तक फाइव स्टार होटल में रुकते थे। वहीं पेपर भी तैयार किया जाता था। बता दें कि पिछले महीने ईडी ने लैंड स्कैम मामले में रांची समेत अन्य शहरों में छापेमारी कर एक साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को भी गिरफ्तार किया गया। फिलहाल सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

# राज्य में फिलहाल प्रचंड गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, बढ़ेगा तापमान

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। राज्य के कुछ जिलों में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। गर्मी की वजह से सुबह 10 बजे तक ही सड़कें सुनसान हो जा रही हैं। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र ने बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 20 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान तापमान में कमी नहीं होगी लेकिन बारिश होने से लोगों को राहत जरूर मिलेगी। मुख्य रूप से बारिश उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भाग में दर्ज की जाएगी, जिसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, दुमका, देवघर, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, साहेबगंज, धनबाद समेत अन्य जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि तीन डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

## कुल सीट की तुलना में अबतक 246 प्रतिशत अधिक आवेदन

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्कृष्ट विद्यालय की ऐतिहासिक पहल को मिल रही सराहना

**PHOTON NEWS RANCHI :** झरना कच्छप अपनी बेटी का नामांकन अब राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किए गए उत्कृष्ट विद्यालय में कराना चाहते हैं, ताकि उनकी बच्ची भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर सके। मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए झरना ने कहा गरीब के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने की यह पहल सराहनीय है। ऐसे ही हजारों माता -पिता और अभिभावक हैं, जो सरकार द्वारा शुरू किए गए सीबीएसई संबद्धता प्राप्त 80 उत्कृष्ट विद्यालयों नामांकन के लिए अपने बच्चों का आवेदन जमा कर रहें हैं। झारखंड में पहली बार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास के बाद अभिभावकों में अपने बच्चे-बच्चियों के नामांकन को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है।



### हजारों की संख्या में आ रहे आवेदन

उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए 17 मई की शाम 5:30 बजे तक कुल 12146 उपलब्ध सीट की तुलना में अबतक 29863 आवेदन विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया गया है। सबसे अधिक आवेदन देवघर से 3247, पलामू से 2322, लोहरदगा से 2254, गिरिडीह से 1708 एवं रामगढ़ से 1498 आवेदन अबतक प्राप्त हुए हैं। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में अबतक कुल 29863 आवेदन बच्चों के जमा हुए हैं। अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई को होगा। प्रथम मेधा सूची सात जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

# सिद्धारमैया बनेंगे कर्नाटक के CM डीके ने समर्थकों को दिल्ली बुलाया

**AGENCY NEW DELHI :** सिद्धारमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे। कांग्रेस आलाकमान ये फैसला ले चुका है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार सीएम बनने पर अड़ गए हैं। उन्हें मनाने के लिए राहुल गांधी दो बार बैठक कर चुके हैं, लेकिन दोनों ही बेनतीजा रहीं। अब डीके ने अपने समर्थकों को दिल्ली बुलाया है। बेंगलुरु फोन करके समर्थकों को गुरुवार की पहली फ्लाइट से दिल्ली आने को कहा गया है। अगर काफी संख्या में समर्थक दिल्ली पहुंच गए तो गुरुवार का दिन कांग्रेस के लिए हंगामे भरा रह सकता है। पहले इस तरह की खबरें आईं थी कि डीके डिप्टी सीएम, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और दो मिनिस्ट्री लेकर मान गए हैं। आलाकमान सिद्धारमैया को सीएम बनाना चाहता है और उन्होंने डीके के सामने तीन फॉमूर्ले रखे थे। अब खबर आई है कि वो किसी पर भी सहमत नहीं हैं। दिल्ली में लिखी जा रही कर्नाटक सरकार की स्क्रिप्ट घंटे दर घंटे बदल रही है। डीके ने हाईकमान से कहा है कि लोकसभा की 20 से 22 सीटें वे जितवा सकते हैं। खड़गे और राहुल गांधी के साथ डीके-सिद्धा की मीटिंग हुई थी, लेकिन एकराय नहीं बन सकी थी। फिलहाल बेंगलुरु में चल रहीं शपथ ग्रहण की तैयारियां रोक दी गई हैं। इससे पहले डीके ने कहा था कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो उनकी लीडरशिप में काम करने को तैयार हैं। सीएम पद को लेकर पिछले चार दिनों से बेंगलुरु से लेकर दिल्ली तक कई बैठकें हुईं। सिद्धारमैया रेस में सबसे आगे चल रहे थे। इससे पहले रविवार को भी कांग्रेस विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों ने नेता चुनने के लिए खड़गे को अधिकृत किया था। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने ऑब्जर्वर्स से सभी विधायकों से वन-टु-वन बात करने को कहा था।

# 62.55 करोड़ की 173 योजनाओं का JOBA MANJHI ने किया उद्घाटन-शिलान्यास

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का मानदेय बढ़ाने के लिए सरकार कटिबद्ध : मंत्री

**PHOTON NEWS PALAMU:** पलामू दौरे पर पहुंची राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को बच्चों को तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। अपनी जिम्मेदारी का सही से निर्वहन करें। बच्चों के जीवन संवारने के साथ स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचायें। बच्चों को कुपोषण से बचाव किया जा सके। इसके लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करें।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को आच्छादित करने के कार्य में तत्परता दिखाएं। मानदेय देने एवं अन्य कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। मंत्री बुधवार को स्थानीय टाउन हॉल में पलामू जिले के मॉडल



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करती जोबा मांझी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई (अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण समारोह के शुभारंभ के मौके पर बोल रहीं थीं।

समारोह के दौरान डीएमएफटी के तहत 62 करोड़ 55 लाख 58 हजार 638 रुपये की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच टैब, स्कूल किट का वितरण किया। इसके अलावा पलामू जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया।

मंत्री ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर सरकार की विशेष जोर है। साथ ही निर्धारित आयु सीमा के पूर्व उनकी शादी नहीं हो, इसके लिए भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान किया जा रहा है।

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू उपायुक्त की जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को विशेष रूप से सुविधा दिये जाने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के सोच से यहां के बच्चे बेहतर करेंगे। पलामू के इस मॉडल को राज्य के अन्य जिलों में भी बढ़ाया जाएगा।

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययन के लिए आते हैं। उनके लिए सरकार की ओर से टीएचआर की व्यवस्था की गई है, ताकि पढ़ाई के साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। उनकी पढ़ाई के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पाठ्यसामग्री दी जा रही है। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका को टैब उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चों की शिक्षा को रूचिकर बनाते हुए बेहतर शिक्षा दी जा सके। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में डीएमएफटी के तहत योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन से जिलेवासियों को फायदा होगा। समारोह में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर उक्त अतिथियों के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख, झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्दीकी सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से आम लोगों का जीना हुआ मुहाल: संजय सेठ

**PHOTON NEWS RANCHI:** सांसद संजय सेठ ने कहा कि राज्य में जबसे यूपीए की सरकार बनी है तब से राज्य में बिजली की स्थिति खराब हुई है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

सांसद ने बुधवार को कहा कि राज्य की जनता बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। पूर्व की रघुवर दास की सरकार में राज्य की जनता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होती थी। चाहे वह शहर हो या गांव, इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से आम लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। विगत कई दिनों से लगातार



संजय सेठ की फाईल फोटो।

बिजली कटौती की जा रही है। रात में घंटों बिजली कटी रहती है। बच्चे, बुजुर्ग, मरीज परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि जब शहर की यह स्थिति है तो गांव की क्या स्थिति होगी। गांव के लोगों को मात्र आठ से दस घंटे बिजली मिल पा रही है। शहरी इलाकों में भी कमोवेश यही स्थिति है। बिजली नहीं रहने के कारण शहर के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई तक नहीं हो पाई। लोगों को पीने तक का पानी नसीब नहीं हो पाया। बिजली दिनभर में 12 से अधिक बार काटी जा रही है। सेठ ने कहा कि व्यापार उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। किसानों के खेती पर भी असर पड़ रहा है। बिजली विभाग को भी उपभोक्ता की परेशानियों का ध्यान में रखना चाहिए। सांसद ने बिजली आपूर्ति समान रूप से देने की मांग की।

# रेल और शहरी विकास मंत्री से अर्जुन मुंडा ने की खूंटी के विकास की चर्चा

**PHOTON NEWS KHUNTI:** खूंटी के सांसद और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को रेलवे, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों से अर्जुन मुंडा अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी से संबंधित समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा की।

उन्होंने रेल मंत्री से सरायकेला खरसावां स्थित सीनी में रेल चक्का निर्माण के लिए पहल करने, नामकुम- कांड्रा रेल लाइन



हरदीप सिंह से वार्ता करते मंत्री अर्जुन मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

का काम शीघ्र शुरू करने, हटिया-बंडामुंडा रेल खंड में कंहरव - तांती-पर्वोटोनिया-ओर्गा स्टेशन के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य, सीनी और मुंडाटांड रेलवे गेट के बीच सड़क निर्माण सहित कई ट्रेनों के ठहराव के बारे में चर्चा की। हरदीप पुरी से अर्जुन मुंडा ने उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र की कई समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा की।

# सीएम को लेकर कांग्रेस में मंथन जारी, अटकलों को किया खारिज



कार्यक्रम में उपस्थित सिद्धारमैया व अन्य कांग्रेसी। ● द फोटोन न्यूज

**AGENCY NEW DELHI** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लेकर कांग्रेस पार्टी में मंथन जारी है। पार्टी अध्यक्ष आज या कल फैसला ले सकते हैं।

सुरजेवाला ने मीडिया से अनुरोध करते हुए कहा कि कर्नाटक से जुड़ी कोई गलत खबर न चलाएं। जो भी फैसला लिया जाएगा, उसे हम मीडिया से आधिकारिक तौर पर साझा करेंगे।

हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सिद्धारमैया को पार्टी कर्नाटक का मुख्यमंत्री बना सकती है। आज (बुधवार) शाम तक उनके नाम की घोषणा होने की संभावना है।

इस संदर्भ में कांग्रेस सूत्र ने आगे कहा कि पार्टी आलाकमान ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार को मना लिया है और उन्हें उपमुख्यमंत्री पद का ऑफर दिया गया है। हालांकि इस मुद्दे पर शिवकुमार ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन शिवकुमार के समर्थक दिल्ली पहुंचे हैं और उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं।

दूसरी तरफ सिद्धारमैया के समर्थक भी उत्साहित हैं और उनके आधिकारिक आवास पर पहुंच रहे हैं। डीके शिवकुमार ने अपने बयान में कहा था कि वे हर हाल में कांग्रेस के साथ खड़े हैं और कभी भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ेंगे।

## राज्यस्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला आयोजित

# पदाधिकारी अपनी कार्य पद्धति से किसानों का भरोसा हासिल करें : कृषि मंत्री बादल

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य के कृषि मंत्री बादल ने पदाधिकारियों से कहा कि किसानों के प्रति उनमें एक कमिटमेंट होना चाहिए। उनकी हर समस्या, आपकी समस्या प्रतीत हो और उस समस्या के समाधान के लिए आप संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर काम करें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो किसानों में आपके प्रति भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राशि का आवंटन और खर्च कर देना ही हमारा काम नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं को करीब से देखने की जरूरत है।

कृषि मंत्री बादल बुधवार को हेसाग स्थित पशुपालन भवन के सभागार में राज्यस्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला में राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों को ऐसे जिलों से सीखने की जरूरत है, जिस जिले में उत्कृष्ट तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम राज्य के किसानों को अनुदानित दर पर बीज



जनसभा को संबोधित करते कृषि मंत्री बादल ● द फोटोन न्यूज

उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में क्यों पीछे हैं, इसपर काम करने की जरूरत है। आंकड़े कहते हैं कि हमारे राज्य के 80 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं लेकिन क्या हम 80 प्रतिशत किसानों को अपनी सभी योजनाओं से आच्छादित कर सके हैं? कभी मंथन कीजिएगा, तो आप पाएंगे कि आपको अभी भी बहुत काम करना है। किसानों को विभिन्न स्तर पर सभी योजनाओं का लाभ अगर नहीं मिलता है, तो पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें।

कृषि मंत्री बादल ने कहा कि राज्य की जीडीपी में 14 प्रतिशत कृषि की भागीदारी है, जिसे हम 20 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। इसमें बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हमारे सहयोगी हैं लेकिन हम इस बात का आकलन अभी तक नहीं कर सके हैं कि गैर सिंचित भूमि के लिए हमें क्या काम करने की जरूरत है। चेकडैम, खदानों के पानी से सिंचाई की जा सकती है। बड़े वाटर रिजर्व वायर बनाकर हम आगे बढ़ सकते हैं लेकिन उसके लिए पदाधिकारियों को योजना बनाकर काम करना होगा। एश्योर्ड इरिगेशन एरिया को बढ़ाना होगा।

बादल ने कहा कि किसानों के कल्याण के उद्देश्य से हमने चैंबर ऑफ फार्मर्स की परिकल्पना की थी, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठना था और अधिकारियों को उसमें सदस्य बनाने की बात थी लेकिन उसमें अब तक परिकल्पना के आधार पर सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं। किसानों को प्रखंड स्तर पर व्यवस्थित कर कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। इसलिए सभी पदाधिकारी किसानों को सांगठनिक रूप से मजबूत बनाएं। 2019 से अब तक हमारे विभाग ने करीब 4500 करोड़ रुपये किसान कल्याण के लिए दिए हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है। अधिकारी डीएमएफटी फंड का इस्तेमाल करें और योजनाएं तैयार कर किसानों के कल्याण के लिए काम करें।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि खरीफ और रबी दोनों ही फसलें काफी महत्वपूर्ण हैं लेकिन खरीफ अति महत्वपूर्ण है।

## विभिन्न प्रखंडों के लिए R SETI की ओर से आयोजित 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन

# बकरी पालन कर बनें आत्मनिर्भर : जशन कुजूर

**PHOTON NEWS KHUNTI:** जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए आर सेटी की ओर से आयोजित 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। प्रशिक्षण में जिले के 19 पशु पालक किसानों ने भाग लिया। रांची से आये प्रशिक्षिक अशोक कुमार ने प्रशिक्षुओं के साथ पशुपालन से जुड़ी सभी जानकारियां साझा की तथा व्यावसायिक तौर पर बकरी पालन करने की बात कही।

प्रशिक्षण के दौरान बकरी पालन बैच को टीकाकरण का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए रनिया प्रखंड के रेबेद गांव ले जाया गया, जहां उन्हें बकरियों के



कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को जानकारी देते जशन कुजूर। ● द फोटोन न्यूज

टीकाकरण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन और प्रमाणीकरण नेशनल अकादमी ऑफ रुडसेटी के सुरेन्द्र कुमार सिंह और संतोष राणा द्वारा किया गया। बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षुओं को बकरी पालन की पूरी जानकारी देना था, ताकि वे अपने अपने कार्य क्षेत्रों में जाकर अनुभव साझा करें और सेवा प्रदान करें। साथ ही खुद व्यवसाय से जुड़क आत्मिर्भर बन सकें।

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न नस्ल की बकरियों, क्रॉस ब्रीडिंग, बकरी पालन से जुड़े व्यावसायिक लाभ तथा उनसे जुड़ी बीमारियां, उनका निवारण, दवा का सही उपयोग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दीग गई। संस्थान के संकाय सदस्य सुशील कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया। इनमें प्रमुख्तः एक सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान प्रबंधन, बैंकिंग, बीमा योजना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी, विभिन्न सरकारी बैंक संबंधी योजनाओं और कौशल विकास आदि से संबंधित जानकारी साझा की गई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक आरसेटी जशन कुजूर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और हौसला अफजाई करते हुए प्रशिक्षुओं को सकारात्मक और संयमी बनकर सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया।

## BRIEF NEWS

### झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल : एनोस एक्का

**SIMDEGA :** नगर परिषद कार्यालय के निकट झारखंड पार्टी की ओर से बुधवार को स्थानीय समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि आज झारखंड सरकार हर तरफ से निकम्मी साबित हो रही है। सरकारी अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से बेलगाम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे झारखंड में बालू के लिए हाहाकार है। साढ़े तन साल गुजर जाने के बाद भी झारखंड सरकार बालू घाट की नीलामी नहीं कर पा रही। इसका खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं ट्रैक्टर मालिक भी खासे परेशान है। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूरी नहीं की गई तो झारखंड पार्टी के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में जो भी विकास कार्य हुए थे उसके बाद किसी प्रकार का कोई काम कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा के विधायकों ने नहीं किया। धरना प्रदर्शन के बाद अनुमंडल पदाधिकारी के नाम से ज्ञापन सौंपा गयाए जिसमें मुख्य रुप से जिला में जंगली हाथियों के उत्पात से प्रभावित लोगों को 15 दिनों के अंदर मुआवजा देने, झारखंड सरकार द्वारा घोषित 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने, घोषणाओं को पूरा कराने, गंभीर पेयजल संकट से गुजर रहे शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के लोगों को 15 दिनों के अंदर सभी चापाकल दुरुस्त कराने, साथ ही हॉकी की नर्सरी में प्रखंड स्तर पर स्ट्रोटर्फ स्टेडियम बनाने की भी मांग की गई है।

### कैबिनेट : आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना को मिली मंजूरी

**NEW DELHI :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी दे दी है। इस पर 17 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय होगा। कार्यक्रम की अवधि 6 वर्ष है। इससे 2,430 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्ति की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई स्कीम 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसमें लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पीएलआई योजना इलेक्ट्रोनिक उपकरणों, मोबाइल और टेलीकॉम उपकरणों के उत्पादन के क्षेत्र में सफल रही है। इससे इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है और भारत इनका बढ़ा निर्यातक बना है। उन्होंने कहा कि अब सरकार आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए भी योजना लेकर आई है। इससे इस क्षेत्र का उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ेगा। क्षेत्र को 2,430 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और प्रत्यक्ष तौर पर 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं अप्रत्यक्ष तौर पर 2 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। सरकार के अनुसार भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित घरेलू बाजारों की आपूर्ति करना चाहती हैं और साथ ही भारत को एक निर्यात केंद्र बनाना चाहती हैं।

### राजनीति में धर्म का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए घातक : मायावती

**LUCKNOW :** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की प्रमुख मायावती ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने गुरुवार को एक ट्वीट कर कहा है कि यूपी में सत्ताधारी पार्टी द्वारा जनविरोधी नीतियों, गलत कार्यकलापों आदि कमियों का चुनाव पर प्रभाव कम करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, इनका द्वेषपूर्ण, दमनकारी व्यवहार एवं धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल अति-गंभीर व अति-चिन्ताजनक, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने अगले ट्वीट में भाजपा पर हमला करते हुए पार्टी कार्यकताओं से कहा है कि इन घोर जनविरोधी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता ठोस रणनीति बनाकर उसके(भाजपा) हिसाब से आगे खासकर लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुट जायें। उल्लेखनीय है कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मण्डल व जिलाध्यक्षों सहित जिलों के कोर्डिनेटरों की बैठक बुलायी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद लगातार भाजपा पर हमलावर हैं। उन्होंने तीन दिन पहले भी अपने एक बयान में कहा है कि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया है, जिससे उन्हें यह जीत मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस षडयंत्र के नाते बसपा चुप होकर बैठने वाली नहीं है, बल्कि वक्त आने पर इसका जवाब बीजेपी को जरूर मिलेगा।

### त्रयंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश मामले की गहन छानबीन जरूरी : मिलिंद परांदे

**MUMBAI :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के महामंत्री मिलिंद परांदे ने कहा कि नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में अन्य धर्म के लोगों के जबरन प्रवेश मामले की गहन छानबीन किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस तरह का जबरन प्रवेश किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। मिलिंद परांदे ने बताया कि सोमवार को कुछ जिहादी विचारधारा वाले मुस्लिम युवकों ने महाराष्ट्र के नासिक में स्थित त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश का प्रयास किया था। श्री क्षेत्र त्र्यंबकेश्वर मंदिर 12 ज्योतिलिंगों में से एक है, इस मंदिर में इस तरह का प्रवेश किसी बड़ी साजिश के तहत ही किया जा सकता है। हालांकि, सुरक्षा गार्डों की सावधानी और सतर्कता के कारण आगे की आपदा टल गई। ऐसा ही प्रयास पिछले साल भी किया गया था। मिलिंद परांदे ने कहा कि मंदिर की पवित्रता को बनाए रखने के लिए मुसलमानों या गैर-हिंदुओं को त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए गर्भगृह और पवित्र क्षेत्र में कहीं भी प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। देश भर में अनेक हिन्दुओं के पूजास्थल में मुसलमानों के माध्यम से विवाद पैदा करने और उन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे देखते हुए हमें लगता है कि यह एक बड़ी साजिश हो सकती है। विश्व हिंदू परिषद की मांग है कि त्र्यंबकेश्वर मंदिर में घुसने की कोशिश करने वाले जिहादी मुस्लिम युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। हिंदू समुदाय सभी प्रकार के मंदिरों के अतिक्रमण, संपत्ति पर कब्जे, साजिशों का कड़ा विरोध करेगा।

### फार्मा सेक्टर में शोध एवं मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री का बड़ा निर्णय

**LUCKNOW :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मस्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का 06वां सबसे बड़ा राज्य है, अब हमारा लक्ष्य देश में अग्रणी राज्य बनने का है। इसी प्रकार देश में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में अभी उप्र का योगदान दो प्रतिशत का है, जिसे 10-12 प्रतिशत तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास की बड़ी संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। दवा निर्माण के साथ-साथ हमें शोध-अनुसंधान पर भी फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईआईटीआर, सीडीआरआई, सीमैप और एनबीआरआई जैसे उच्चस्तरीय शोध संस्थान क्रियाशील हैं। एसजीपीजीआई, केजीएमयू जैसे अकादमिक संस्थान भी हैं। नियोजित प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में लखनऊ बायोफार्मा हब के रूप में उभर कर आया है। फार्मास्युटिकल सेक्टर के लिए एकेटीयू व अन्य प्राविधिक शिक्षण संस्थान मानव संसाधन उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। प्रदेश में फार्मा पार्क निर्माण की कार्यवाही चल रही है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 18 May 2023

# HC ने राज्य सरकार से पूछा, रांची हिंसा मामले में CASE CID को क्यों सौंपा?

## सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश, अगली सुनवाई 21 जून को होगी


रांची हिंसा की फाइल फोटो

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रार्थी को भी कहा है कि वह अगर राज्य सरकार के जवाब पर अपना प्रति उत्तर देना चाहते हैं तो भी दे सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि 10 जून हिंसा मामले में कुछ केस को सीआईडी को क्यों सौंपा गया? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, रांची एसएसपी, डीजी सीआईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। उनके द्वारा कोर्ट को बताया गया कि मामले में जांच जारी है। जिस पर कोर्ट ने इन सभी अधिकारियों की अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने सरकार से मौखिक पूछा था कि रांची हिंसा को लेकर दर्ज कुछ केस सीआईडी तथा कुछ पुलिस अनुसंधान कर रही है। ऐसा कर अनुसंधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है, ताकि सीआईडी और पुलिस की रिपोर्ट में कुछ अंतर आ जाए और फिर जांच खत्म हो जाए या तो पूरी केस की जांच सीआईडी से कराई जानी चाहिए थी या पूरा केस पुलिस से जांच कराना चाहिए था। ताकि जांच में कोई विरोधाभास न आ सके। कोर्ट ने मौखिक यह भी कहा था कि यह कौन सी प्रशासनिक अनिवार्यता थी जिसके तहत घटना के समय वहां मौजूद रांची के तत्कालीन एसएसपी को स्थानांतरित कर वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखा गया था।

बता दें कि रांची हिंसा मामले में दायर पंकज यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया। नुपुर शर्मा के बयान पर जिस तरह से रांची पुलिस पर पत्थर बाजी हुई, प्रतिबंधित अस्त्र शस्त्र का प्रयोग हुए, धार्मिक स्थल पर पत्थरबाजी की गए यह प्रायोजित प्रतीत होता है।

## पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग मामले में प्रधान महालेखाकार को जांच REPORT प्रस्तुत करने का निर्देश

पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रधान महालेखाकार, झारखंड को मामले में की गई जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया



था। बुधवार को सुनवाई के दौरान मामले में गठित 3 सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 जुलाई निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट बताया गया कि सैटेलाइट इमेज से यह पता लगाना चाहिए कि उक्त तीन जिलों में जिन कंपनियों को कितने लैंड पर माइनिंग के लिए लीज मिला है और वे वास्तविक रूप से कितने लैंड पर माइनिंग का कार्य कर रहे हैं। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## JPSC को 'हो' विषय का रिजल्ट 31 जुलाई से पहले जारी करने का निर्देश

हो विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति मामले में खढरउ को 31 जुलाई तक रिजल्ट जारी करने का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में बुधवार को स्थानीय विषय हो के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति में साक्षात्कार लिए जाने के एक साल बीतने के बाद भी जेपीएससी द्वारा रिजल्ट जारी नहीं किए जाने को सरस्वती गगराई एवं अन्य की रिट याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 31 जुलाई से पहले रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। दरअसल, हो विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। कुछ कारणों से वर्ष, 2019 में इस प्रक्रिया में रुकावट आई थी। बाद में वर्ष 2022 में फिर से प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें 28 मार्च, 2022 को करीब 20 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया था लेकिन रिजल्ट जारी नहीं होने से याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। असिस्टेंट प्रोफेसर में हो विषय के लिए करीब सात पदों के लिए विज्ञापन जेपीएससी ने निकाला था।

## HC के नए भवन में अधिवक्ताओं को चैंबर आवंटित करने को लेकर बनेगी कमेटी

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटित करने को लेकर चीफ जस्टिस द्वारा एक कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी में हाई कोर्ट के 3 जजों के अलावे एडवोकेट एसोसिएशन के दो पदाधिकारी भी रहेंगे। अधिवक्ताओं को चेंबर देने को लेकर एक नियमावली भी बनाई गई है। जिसके आधार पर अधिवक्ताओं को नए हाई कोर्ट भवन में चेंबर आवंटित होगा। चेंबर आवंटन को लेकर अधिवक्ताओं को 10 साल तक हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करना जरूरी है। इसके अलावा उन्हें एडवोकेट एसोसिएशन का भी मेंबर होने पर चेंबर मिलने में प्राथमिकता मिलेगी। अधिवक्ताओं को चेंबर आंवटित करने के लिए नियमावली तैयार की गई है। जो अधिवक्ता हाई कोर्ट के नए भवन में अपना चेंबर चाहते हैं वह इसके लिए फॉर्म भरकर एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव के माध्यम से रजिस्ट्रार जनरल को भेजेगे। चेंबर आवंटन की अधिसूचना रजिस्ट्रार जनरल जारी करेंगे, जिसे हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

## दुमका में पदस्थापित पेयजल के EE को ACB ने रांची से किया गिरफ्तार


संजय कुमार को गिरफ्तार कर ले जाती एसीबी की टीम ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बसंत बिहार से हुई है। गिरिडीह के तत्कालीन ईई संजय कुमार पर चापानल, डीप बोरिंग और शौचालय का काम देने की एवज में लाखों रुपये कमीशन लेने के आरोप हैं। उसके खिलाफ धनबाद एसीबी में (2/18) प्राथमिकी दर्ज है। बताया जाता है कि कमीशन की राशि संजय कुमार ने पत्नी उषा कुमारी और पुत्र अंकित विशाल के खाते में जमा करवाता था। दिव्या इंटरप्राइजेस के संवेदक राजीव सिंह देव ने संजय कुमार का साथ दिया है। मामला सामने आने के बाद गिरिडीह के डीसी ने चार सदस्यीय टीम से जांच कराई, जिसमें इसकी पुष्टि हुई थी। जांच टीम की पुष्टि के बाद एसीबी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। संजय कुमार वर्तमान में दुमका पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यपालक अभियंता है। धनबाद लाने के लिए एसीबी की टीम ने उसे कोर्ट में पेश किया है। धनबाद के गोविंदपुर और निरसा प्रखंड की पंचायतों में वित्त वर्ष 2011-12, 2012-13 और 2013-14 में लगाये गये नलकूपों की जांच तकनीकी परीक्षक कोषांग से करायी गयी थी। जांच में करीब दो करोड़ से अधिक राशि का गबन का मामला प्रकाश में आया था। जांच में यह भी पाया गया था कि साधारण चापानल, विशेष मरम्मत चापानल, उच्च प्रवाही नलकूप, फोर्स एंड लिफ्ट एवं स्वजल धारा योजना अंतर्गत कई स्थानों पर निर्माण कार्य नहीं कराया गया। नये चापानल और विशेष मरम्मत चापानल के पास चाताल और नाला के अलावा शॉकपिट का निर्माण भी ठेकेदारों ने नहीं किया था। अभियंताओं की मिलीभगत से बिना निर्माण कराये मापी पुस्तिका तैयार कर फाइल बिल तैयार कर ठेकेदारों को राशि का भुगतान कर दिया गया।

## 25 मई से भरे जायेंगे डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के फॉर्म

**RANCHI :** राज्य में डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता के तहत विभिन्न पदों के लिये 25 मई से फॉर्म भरे जायेंगे। खररउ ने इस बाबत सूचना जारी कर दी है। फॉर्म ऑनलाइन भरे जायेंगे। फॉर्म 24 जून को मध्यरात्रि तक भरे जा सकेंगे। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी फॉर्म में दर्ज अर्हतानुसार एवं शैक्षणिक योग्यता व निर्धारित आयुसीमा के तहत ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा कनीय अभियंता(यांत्रिक), मोटरयान निरीक्षक व कनीय अभियंता (विद्युत) के पद के लिए लिया जायेगा। खररउ द्वारा जारी सूचना के अनुसार 26 जून की मध्यरात्रि तक परीक्षा शुल्क भुगतान व फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए 28 जून की मध्यरात्रि तक लिंक खुला रहेगा। वहीं, 29 जून से 1 जुलाई के मध्यरात्रि तक पुनः लिंक खोल दी जायेगी ताकि, अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्मतिथि, ई-मेल व मोबाइल नंबर छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित कर सकें। इन पदों के लिये केवल मुख्य परीक्षा लिया जायेगा। इसमें सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर देने होंगे।

## राष्ट्रपति के झारखंड आगमन पर सुरक्षा में 15 IPS सहित पांच हजार जवान रहेंगे तैनात

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय झारखंड दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में पांच हजार जवान तैनात रहेंगे। रांची रेंज और दुमका रेंज डीआईजी के नेतृत्व में 15 से ज्यादा आईपीएस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। राष्ट्रपति की सुरक्षा में सुरक्षा में दो डीआईजी सहित 15 आइपीएस, 24 डीएसपी, 60 इंस्पेक्टर और 250 सब-इंस्पेक्टरों को तैनात रहेंगे। उनके रूट लाइन पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, ट्रैफिक सहित सभी पहलुओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राष्ट्रपति के गुजरने वाली रूट की हर ऊंची इमारतों से भी पुलिस के जवान हथियार के साथ निगरानी करेंगे। एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। अलग-अलग जगहों पर राष्ट्रपति का कार्यक्रम है। संबंधित जिले के अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।


सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेते ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी व अन्य

मिली जानकारी के अनुसार 24 मई की सुबह लगभग 9 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली से एयरफोर्स के विशेष विमान से देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद वे रांची आएंगी। वे यहां बिरसा मुंडा और अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति सीधे राजभवन के लिए प्रस्थान कर जाएंगी, जहां पर रात्रि विश्राम करेंगी। वे 25 मई को झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन करेंगी। हाई कोर्ट के उद्घाटन समारोह से वापस लौटने के बाद राजभवन में भी एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। वे 25 मई को ही हेलीकॉप्टर से खूंटी जाएंगी और वहां मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके बाद रांची लौट आएंगी और रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगी। मुर्मू 26 मई को ट्रिपल आईटी कन्वर्सेशन में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगी और अपराह्न एक बजे वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली लौट जाएंगी।

### वाराणसी-रांची-कोलकाता छह लेन ग्रीन फील्ड रोड: देश की कई नामी-गिरामी कंपनियों को मिला ठेका

## लगभग 12 हजार करोड़ का काम अवार्ड हुआ चतरा बाइपास सहित छह पैकेज में बनेगा रोड

**PHOTON NEWS RANCHI :** वाराणसी-रांची-कोलकाता छह लेन ग्रीनफील्ड रोड निर्माण के लिए झारखंड में पड़ने वाले 200 किमी रोड के लिए सभी छह पैकेज से रोड निर्माण का टेंडर फाइनल करके कंपनियों को 12 हजार का काम अवार्ड कर दिया गया है। एनएचआई इनसे जल्द एग्रीमेंट करने की तैयारी कर रहा है। इसमें से तीन पैकेज के चतरा जिला में सड़क निर्माण के लिए टेंडर फाइनल हो गया है। एनएचएआई ने ग्रीनफील्ड रोड निर्माण के लिए सोनेपुरबिगहा से एनएच-22 के जंक्शन जिसमें चतरा जिला के समीप पैकेज आठ के चतरा बाइपास निर्माण सहित छह लेन रोड निर्माण का टेंडर फाइनल किया है। 37.300 किलोमीटर लंबे इस रोड को बनाने का जिम्मा मेसर्स ट्रैकस एंड टावर प्राइवेट लि। मेसस रेल विकास निगम लि। टीटीआईपीएल-आरवीएनएल को दिया गया है। इसका निर्माण लगभग 1728 करोड़ की लागत में होगा जिसमें सिविल कॉस्ट 1272 करोड़ है। वहीं, पैकेज 9 से छह लेन ग्रीनफील्ड वाराणसी-रांची कोलकोता में चतरा जिला के एनएच 100 में देवरिया गांव से 31 किलोमीटर छह लेन रोड बनाने का जिम्मा झारखंड की कंपनी मेसर्स रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। इसे लगभग 2400 करोड़ में बनाया जायेगा।

### बनारस से रांची होते हुए कोलकाता तक होगा रूट

बता दें कि, बनारस से रांची होते हुए कोलकाता में 620 किमी नया रोड बनेगा जिसमें करीब 200 किमी झारखंड के हिस्से में आयेगा। वर्तमान एनएच-2 जीटी रोड के सामानांतर यह रोड बनेगा। करीब 10 से 15 किलोमीटर जीटी रोड के अंदर यह रोड होगा। उत्तर प्रदेश के बनारस के चंदौली से प्रारंभ होकर बिहार के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया होते हुए झारखंड के चतरा में प्रवेश करेगा। चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हाबड़ा को जोड़ते हुए कोलकोता तक पहुंचेगा। इस रोड के बनने से आवागमन काफी आसान हो जायेगा। दूरी काफी घट जायेगी। ग्रीनफील्ड छह लेन एक्सप्रेस वे परियोजना का निर्माण कई पैकेज में किया जाना है। सिर्फ झारखंड में इसे छह पैकेजों में बांटा गया है। पैकेज संख्या आठ,नौ एवं दस चतरा जिले के अंतर्गत आता है। जिस पर भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्य तक 2859 करोड़ रुपये खर्च किए जायेगे। पैकेज संख्या-11 हजारीबाग के अंतर्गत है। पैकेज संख्या-12 रामगढ़ जिले आयेगा। पैकेज संख्या 13 बोकारो जिला के अंतर्गत आयेगा।

## नौ थीम पर पंचायतों में होगा योजनाओं का चयन : निशा


नामकुम प्रखंड कार्यालय में बैठक करतीं पंचायती राज निदेशक निशा उरांव।

**PHOTON NEWS RANCHI :** पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज विभाग नौ थीम पर काम कर रहा है। इसी थीम पर योजनाओं का चयन कर कार्य करने के लिए नामकुम प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने बताया कि नौ थीम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैशी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव तथा महिला और बाल हितैशी गांव शामिल हैं। इसी थीम पर योजनाओं का चयन कर उस पर जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसके मद्देनजर इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निशा उरांव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षु अपने पंचायत/गांव को विकसित करने हेतु योजनाओं का चयन कर सकते हैं एवं गांव के लोगों को प्रशिक्षण देकर विकास में भागीदार बना सकते हैं।

### BRIEF NEWS

#### जल्द होगी पंचायत सचिवों की नियुक्ति, प्रक्रिया शुरू

**RANCHI :** राज्य के सभी जिलों में पंचायत सचिवों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1632 पंचायत सचिवों को 24 मई को रांची में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसकी कार्य योजना तैयार की जा रही है। पंचायती राज विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है ओर अपने जिले में अनुशंसित पंचायत सचिवों की नियुक्ति के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों में इसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ भी कर गयी है। 2017 में ही राज्य कर्मचारी चयन आयोग से इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी, लेकिन कार्मिक विभाग के एक पत्र की वजह से नियुक्ति रूकी हुई थी। अब विभाग ने नियुक्ति की रोक को हटा दिया है, जिसके बाद सभी की नियुक्ति की जायेगी।

#### प्रवासी मजदूरों की मृत्यु होने पर 50 हजार तक मिलेगी सहायता राशि

**RANCHI :** गंभीर अप्राकृतिक आपदा, घटना में प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु अथवा सामान्य मृत्यु होने की स्थिति में उनके शव को पैतृक निवास स्थान में लाने के लिए दी जानेवाली सहायता राशि में बढ़ोतरी कर दी गयी है। इसके तहत पंजीकृत प्रवासी कर्मकार लाभुकों व अपंजीकृत कर्मकार की मृत्यु होने पर उनके शव को पैतृक आवास तक लाने के लिए 50 हजार रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी।

#### गृह विभाग को एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर की जरूरत 27 मई तक मांगे आवेदन

**RANCHI :** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (झारखंड सरकार) को तत्काल एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर की जरूरत है। इसके लिए उसकी ओर से नोटिस जारी करते योग्य आवेदकों से आवेदन भी मांगे गये हैं। ध्रुव हेलिकॉप्टर के लिए इंजीनियर (कैटेगरी बी1 या बी2) की जरूरत पूरा करने को 27 मई तक आवेदन की मांग की गयी है। चयनितों को आकर्षक पैकेज और सुविधाएं दिए जाने का विभाग ने भरोसा दिया है। अभी दो पदों के लिए इंजीनियर चाहिये। आवेदक के पास एमई लाइसेंस (डीजीसीए, भारत द्वारा जारी) होना चाहिये। विशेषकर ध्रुव हेलिकॉप्टर के मेंटेनेंस वर्क का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता मिलेगी। चयनितों को कम से कम 3 सालों के लिए कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर रखा जायेगा। आदेवकों को विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेट्री के नाम से आवेदन प्रोजेक्ट भवन, रांची स्थित विभागीय पते पर अपने आवेदन भेजने होंगे।

#### राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के प्लेयर्स को मिला जर्सी और ट्रैक सूट

**RANCHI :** 18-28 मई तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राउरकेला (ओड़िशा) में आयोजित होनेवाली 13वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड की टीम भी भाग लेगी। इसमें शामिल होने को 18 सदस्यीय झारखंड टीम बुधवार को राउरकेला के लिए रवाना हो गयी। इससे पूर्व हॉकी झारखंड के कार्यालय में खेल विभाग, झारखंड और हॉकी झारखड़ की ओर से सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। सभी खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार ने खेल कीट वितरित करते उन्हें जीत की शुभकामनाएं भी दीं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# अरवल में सड़क हादसे में 1 की मौत 9 घायल

## गंभीर हालत में 1 PMCH रेफर



अरवल में मंगलवार की देर रात मेहंदिया थाना क्षेत्र के हरदिया मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बेलगाम अनियंत्रित कार ने 4 लोगों को कुचल दिया। इसमें एक युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक समेत 2 युवती घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और आपातकालीन सेवा 112 की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान हरदिया गांव निवासी बिंदेश्वरी दास के 14 वर्षीय पुत्री शुभांजलि कुमारी के रूप में की गई है। सभी लोग वालिदाद बाजार से अपने घर हरदिया लौट रहे थे इसी दौरान बेलगाम कार कुचलते हुए खेत में पलट गई। घटना के बाद सभी कार सवार मौके से फरार हो गए। इधर, घटना के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया बड़ी संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुंचे। बढ़ती भीड़ को देखते हुए सदर अस्पताल में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन विधायक महानंद सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और घायलों को इलाज के लिए हालचाल जाना। पुलिस ने मृतक युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना में हरदिया गांव निवासी सीधेश्वर दास की दो बेटी अंशु कुमारी और रिशु कुमारी बुरी तरह जख्मी हो गईं जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं एक अन्य युवक पूर्व प्रमुख काशी राम के पुत्र ऋषि कांत कुमार का निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में किंजर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव के पास एनएच 110 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें मुंडेश्वर कुमार पिता हीरालाल सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। सभी घायल पटना के खीरी मोड़ थाना क्षेत्र के जिनपूरा गांव के रहने वाला हैं। सभी लोग राजमिस्त्री का काम करते थे और काम करो अपने घर लौट रहे थे। तीसरी घटना शहर तेलपा ओपी क्षेत्र के भोगापुर गांव के पास की है। तिलक समारोह में जा रहा ऑटो पलट गया जिसमें 3 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी लोग तुर्क तेलपा से भोजपुर जा रहे थे। ऑटो में 6 लोग सवार थे। तीन लोगों की स्थिति ठीक है, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल थे जिनका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा। इस घटना में दीपक कुमार, विकास कुमार और नान्हू पासवान घायल हुए। सभी लोग तुर्क तेलपा गांव के रहने वाले हैं।



# एक हाथ मे पिस्टल और दूसरे में सिगरेट लेकर डांस

**मोतिहारी** में मंगलवार से एक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। वीडियो शादी समारोह का बताया जा रहा जिसमें बारातियों के स्वागत के लिए आर्केस्ट्रा बुलाया गया था। इसमें एक शख्स नर्तकी के साथ पिस्टल लहराते हुए डांस कर रहा। उसके दूसरे हाथ में सिगरेट भी थी। शख्स ने कुछ देर नाचते हुए डांसर के सिर पर पिस्टल तान दी जिससे वहां मौजूद सभी लोग डर गए। मामला बंजरिया थाना क्षेत्र के दारोगा टोला का सोमवार की रात हुई शादी का है। शादी समारोह में रात बीतने के साथ डांस पूरे



शबाब पर था। डांसर डांस कर रही थी। इसी बीच एक युवक स्टेज पर चढ़ गया। कमर से पिस्टल निकाली और डांस करना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने आ कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और भोजपुरी गाने पर डांस कर रही नर्तकी के ऊपर पिस्टल तान दी, जिसे देख वहां मौजूद लोग डर गए। इसके बाद लोगों ने किसी तरह से उसे स्टेज से उतारा। वहां आर्केस्ट्रा देख रहे किसी शख्स ने उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हाथ में पिस्टल लिए नर्तकी के साथ डांस कर रहा युवक की पहचान हो गई है। वीडियो में दिख रहा शख्स सोनालाल साह बताया जा रहा। वीडियो वायरल होने के बाद से पुलिस सोनालाल की तलाश कर रही है। वीडियो सामने आने के बाद से वह घर छोड़ कर फरार है। सदर एसडीपीओ आईपीएस राज ने बताया कि आर्केस्ट्रा में डांसर के साथ एक युवक का हथियार लहराते हुए डांस करने का वीडियो वायरल हो रहा। युवक की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पहले पति का निधन, फिर रोते-रोते पत्नी की मौत





**भागलपुर** के नाथनगर में बुजुर्ग दंपती ने साथ जीने-मरने का वादा निभाया। दरअसल, विशुनदेव मंडल (80) का निधन सोमवार शाम करीब चार बजे हो गया। परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, लेकिन पति के निधन के सदमे में दो घंटे बाद शाम 6 बजे पत्नी चंदा देवी (70) का भी निधन हो गया। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। एक साथ मंगलवार को जब घर से एक साथ दोनों की अर्थी उठी तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर सुल्तानगंज गंगा घाट पर कर किया। दोनों की मौत के बाद इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया है। जिला सरपंच संघ के महामंत्री जीतन मंडल ने बताया कि इस तरह की घटना इलाके में पहली बार हुई है। परिजनों ने बताया कि विशुनदेव मंडल कुछ दिनों से बीमार थे। सोमवार को उनका निधन हो गया।

# सुप्रीम कोर्ट में जातीय गणना पर सुनवाई टली

बिहार में जातीय गणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज की सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजय करोल ने इस मामले में सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। जस्टिस करोल 6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत होने से पहले पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। उन्होंने कहा कि इस मामले को हाईकोर्ट में निपटाया था। अब इस मामले में नई बेंच का गठन किया जाएगा। दरअसल, पटना हाईकोर्ट ने बिहार में हो रही जातीय गणना पर 3 जुलाई तक के लिए रोक लगा दी थी। अपने आदेश में पटना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया था कि जितना डाटा जमा हो चुका है उसे सुरक्षित रखा जाए। 3 जुलाई की सुनवाई को जल्द कराने की अपील के साथ बिहार सरकार ने पटना हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की थी, लेकिन पटना हाईकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। तब बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट गई। बिहार सरकार ने इस अंतरिम रोक को हटाने की मांग के साथ याचिका दायर की है और इस मसले पर जल्द सुनवाई की अपील की गई है।बता दें कि 4 मई को पटना हाईकोर्ट ने बिहार में चल रही जातीय गणना पर रोक लगा दी थी। ये रोक एक याचिका पर सुनवाई के दौरान लगाई गई थी। हाईकोर्ट में सुनवाई की अगली तारीख 3 जुलाई को दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से वकील दीनू कुमार ने पटना हाईकोर्ट में कहा था कि राज्य सरकार आर्थिक सर्वे की आड़ में जातीय जनगणना करा रही है जो केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है। ये राज्य के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। बिहार में जातीय गणना का मामला सुप्रीम कोर्ट में तीसरी बार पहुंचा है। इसके पहले दो बार जातीय गणना को असंवैधानिक करार देने की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का मसला बताया था। इससे दोनों बार बिहार सरकार को राहत मिली थी।

# बांका में जमीन से 650 फीट नीचे सोने की खोज

## भारत सरकार की टीम इकट्ठा कर रही सैंपल: क्रोमियम

बांका में जमीन से 650 फीट नीचे सोने की खोज की जा रही है। जियोलॉजिकल सर्वे की टीम सैंपल इकट्ठा करने में लगी है। यहां क्रोमियम, निकेल जैसे खनिज होने की संभावना है। बांका जिले के जयपुर इलाके में खनिज संपदा का भंडार होने की संभावना है। इसे लेकर पिछले तीन दिनों से भारत सरकार की जियोलॉजिकल सर्वे की टीम खनिज संपदा का पता लगा रही है। जयपुर क्षेत्र के चंदेपट्टी गांव के पास जमीन के अंदर ड्रिल मशीन से सैंपल निकालने के लिए खुदाई की जा रही है। इलाके के 500 स्क्वायर किलोमीटर में खनिज संपदा होने की संभावना है। खनन पदाधिकारी कुमार रंजन ने बताया कि भूगर्भ नक्शा के आधार पर वृहत स्तर पर इस इलाके में खनिज संपदा मिलने की संभावना है, जिसको लेकर



विस्तृत रूप से भूतात्विक अन्वेषण किया जा रहा है। यहां पर जिंक, सोना, क्रोमियम, निकेल, जैसी खनिज संपदा भूगर्भ में होने का अनुमान है। अभी ड्रिलिंग का काम हो रहा है। ड्रिलिंग के दौरान करीब 650 फीट तक ड्रिल कर सैंपल उठाये जाने की बात कही जा रही है। बांका डीएम अंशुल कुमार ने कहा कि जयपुर के कुछ इलाके जियोलॉजिकल सर्वे का काम चल रहा है। सर्वे का काम पूरा होते ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। जिस जगह पर टीम ड्रिल कर रही है, उस स्थान से महज 110 मीटर की दूरी पर ब्रिटिश शासनकाल में भी खुदाई की गई थी। हालांकि उस वक्त सफलता किसी कारण से हाथ नहीं लग सकी थी। कटोरिया क्षेत्र के कई इलाकों में खनिज संपदा का भंडार होने के अनुमान पर भारत सरकार की जियोलॉजिकल सर्वे कर रही है। इसके तहत ही अलग-अलग जगहों पर ड्रिलकर खनिज संपदा की खोज की जा रही है। इसके तहत ही बाघमारी के पास भी चार यूनिट तक ड्रिलिंग किए जाने की बात सामने आ रही है। अभी जयपुर के चंदेपट्टी के पास एक यूनिट ही ड्रिल का काम हो रहा है। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी खोज की जाएगी। खनन विभाग की ओर से बताया जा रहा है कि चंदेपट्टी के समीप 500 वर्ग किमी में खनिज संपदा का भंडार हो सकता है। अगर यहां पर खनिज संपदा मिलती है, तो जयपुर के चंदेपट्टी और इसके आसपास असनाहा, सेखाबांध, केरवार के साथ-साथ कुतुडीह गांव तक इसका दायरा बढ़ सकता है।

# एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने धीरेंद्र शास्त्री को सुनाया भजन

## हनुमंत कथा का आज आखिरी दिन; शामिल होंगे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

**बागेश्वर धाम** के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का आज आखिरी दिन है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मिलने वालों का तांता लगा है। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी उनसे मुलाकात की है। इसका वीडियो सामने आया है। जिसमें पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सामने बैठ कर अक्षरा भजन गा रही हैं। पास ही केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे बैठे हुए हैं। नौबतपुर के तरेत पाली मठ में चल रहे धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का आज आखिरी दिन है। पांचवें और अंतिम दिन की कथा दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगी। समापन समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि आखिरी दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ सकती है। बाबा धीरेंद्र शास्त्री कथा के आखिरी दिन अपने भक्तों को भभूत भी देंगे।



टना के डाकबंगला चौराहे पर बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री के पोस्टर्स पर कालिख पोती गई। उनके पोस्टर पर 420 और चोर लिखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग पोस्टर पर कालिख पोतते और लिखते हुए दिखाई दे रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने मंगलवार को कहा कि रामचारित मानस, गीता और पुराण का अपमान अब नहीं सहेंगे। अब संतों का अपमान नहीं होगा। भारत में रहना है तो सीता राम कहना होगा। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात दोहराई। बाबा ने कहा कि बिहार से हमारा संकल्प पूरा होता दिख रहा है। बिहार की आबादी लगभग 13 करोड़ है। बाबा ने लोगों से अपील है कि आज एक संकल्प लेकर घर जाएं। जिस दिन इस बिहार के 13 करोड़ में से 5 करोड़ लोग अपने मस्तक पर तिलक लगाकर घर से निकलेंगे, उस दिन हिन्दू राष्ट्र का संकल्प पूरा हो जाएगा। साथ ही अपने घर के बाहर धर्म का ध्वज लगा लें। अगर आपके घर के बाहर यह ध्वज रहेगी तो हनुमान जी खुद आपकी रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि राम के बिना हनुमान नहीं मिलेंगे। राम का ससुराल बिहार में है। इसलिए हनुमान का मिलना आसान है। धीरेंद्र शास्त्री के बिहार आने की सूचना के साथ ही उनका



विरोध शुरू कर दिया गया था। बागेश्वर धाम के पीठाधीश के पटना पहुंचने से पहले 10 मई को पोस्टर फाड़ा गया। फिर 14 मई को वो जिस होटल में रुके वहां सामने लगे पोस्टर को भी फाड़ा गया था। अब पोस्टर पर कालिख पोती गई है। कथा शुरू करने से पहले धीरेंद्र शास्त्री पटना के सबसे प्रसिद्ध महावीर मंदिर भी गए। यहां उन्होंने बजरंग बली के दर्शन और आरती की। इस दौरान मंदिर के अंदर और बाहर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पटना के नौबतपुर के तरेत पाली मठ के बाद धीरेंद्र शास्त्री की कथा अब गया में होगी। उन्होंने सोमवार को इसका ऐलान खुद किया। धीरेंद्र शास्त्री ने बताया कि 29 सितंबर को गया में हनुमंत कथा और दरबार लगेगा।

## संक्षिप्त -समाचार

### बेतिया में नाबालिग का अपहरण कर किया था गंदा काम




**बेतिया** में 16 साल की नाबालिग किशोरी का अपहरण कर चार दिनों तक गलत काम करने के एक मामले में मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई। पॉक्सो अधिनियम के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने कांड के नामजद अभियुक्त राजकुमार यादव उर्फ मंटू यादव को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायाधीश ने 20 हजार रुपए जुमार्ना का भी आदेश दिया है। जुमार्ना की राशि नहीं जमा करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा का आदेश न्यायाधीश ने दिया है। सजायाफ्ता अभियुक्त जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र हरपूर गांव के रहने वाला 25 साल का राजकुमार यादव उर्फ मंटू यादव है। पॉक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना साल 2019 की है। आरोप है कि पीड़ित बच्ची अपने घर में सो रही थी। अचानक उसके घर में किराए के रूम में दवा का दुकान चलाने वाला राजकुमार यादव अंदर घुस गया। नशा की दवा सुंघा कर अपहरण कर लिया। वहीं, जब लड़की का होश आया तो वह नरकटियागंज में थी। आरोपी ने नाबालिग पीड़ित लड़की के साथ 4 दिनों तक गलत काम किया। इसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ चौतरवा थाना में आवेदन देकर अपहरण करने का प्राथमिकी दर्ज कराई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है। न्यायाधीश ने पीड़ित नाबालिग को बिहार प्रतिकार योजना के तहत चार लाख रुपए मुआवजा भी देने का आदेश दिया है। पॉक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि इस वाद का न्यायालय द्वारा स्पीडी ट्रायल किया गया है।

### आठवीं पास युवाओं के लिए रोजगार का अवसर




**बक्सर** में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 8वीं पास अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ पहुंचकर रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चलेगा। कंपनी अपने रिक्त पद के लिए स्वयं की चयन प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति करेगी। कंपनी द्वारा कुल 50 रिक्तियां दर्शाई गई हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर ने कहा कि श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में 17 मई को संयुक्त श्रम भवन बक्सर जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के परिसर में अवस्थित है में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोजगार शिविर में वेलस्पन इंडिया लिमिटेड गुजरात द्वारा 18-32 साल के न्यूनतम 8वीं पास युवाओं की मशीन ऑपरेटर पद के लिए नियुक्ति होनी है। कंपनी इन पदों के लिए स्वयं की चयन प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति करेगी। कंपनी के द्वारा कुल 50 रिक्तियां हैं। इसका वेतन 9238-11257 महीना होगा। काम करने का स्थल गुजरात है। जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर अनीस तिवारी ने कहा कि इच्छुक आवेदकों से अपील की है कि वे 17 मई को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कार्य स्थल पर ही एनसीएस पर नि शुल्क निबंध किया जाएगा।

### विचाराधीन कैदी की मौत का मामला:जेल अधीक्षक समेत 4 लोगों पर FIR दर्ज

**नालंदा** के बिहारशरीफ मंडल कारा में शनिवार को विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर दीपनगर थाने FIR दर्ज कराया है। सरमेरा के तीन लोगों पर बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, बिहार शरीफ मंडल कारा के जेल अधीक्षक पर साजिश करने का आरोप लगाया गया है। मृतक नवादा जिला के कौआकोल थाना क्षेत्र स्थित जोरावरडीह गांव निवासी वीरेन्द्र मंडल का (22) वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। वह बीटेक सेंकेड ईयर का छात्र था। प्राथमिकी राहुल के मामा सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव निवासी गोपाल महतो ने करायी है। मारपीट का आरोप इसुआ के ही परमानंद सिंह व उनके दो पुत्रों कुमुद रंजन सिंह और पियूष रंजन पर लगाया गया है। एफआईआर के अनुसार 07 मई को राहुल शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने घर नवादा से नाना के घर सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव आया था। 09 मई को वह वापस घर जाने के लिए बाजार स्तिथ इसुआ बस स्टैंड की ओर जा रहा था। तभी परमानंद सिंह और उसके दो बेटों ने राहुल को पकड़ लिया और लोहे की रॉड और लाठी डंडे से मार कर अधमरा कर दिया, इसके बाद उसे अपने घर लेकर चले गये। झूठा मुकदमा दर्ज करवाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। 13 मई को उनलोगों को सूचना मिली कि जेल में उसकी मौत हो गयी है। वहीं बिहार शरीफ अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी डॉ. शिब्ली नोमानी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### पटना में 6 लेन ब्रिज का काम अटका

**बिहार** में बन रही 4797 करोड़ की ऐलिवेटेड रोड और 6 लेन ब्रिज का निर्माण फिलवक्त अटक गया है। दरअसल, 2161 करोड़ के बिहटा एलिवेटेड रोड का काम इसी साल 6 जनवरी को जिस एजेंसी अशोका बिल्डकॉन को दिया गया था उस पर एनएचएआई अफसरों को घूस देने का आरोप था। सीबीआई ने केस भी दर्ज किया था। अब 4 माह बाद टेंडर कैंसिल किया गया और इसके पीछे तर्क दिया गया कि एजेंसी ब्लैकलिस्टेड है। आरा-मोहनिया एनएच के निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर सीबीआई ने एनएचएआई के अधिकारियों को घूस देने के आरोप में अशोका बिल्डकॉन पर चार्जशीट कर एनएचएआई अफसरों की गिरफ्तारी भी की है। अब पूरे प्रोजेक्ट का री-टेंडर किया गया है।एनएचएआई ने जिन 45 दिनों के लिये अशोका बिल्डकॉन को ब्लैकलिस्टेड किया उस अवधि के शुरू होने के ठीक पहले 2161 करोड़ की बिहटा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट का काम उसे सौंप दिया। मामला बढ़ने पर बिहटा एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट का टेंडर कैंसिल कर फिर से री-टेंडर कर दिया गया। 2636 करोड़ के जेपी दीघा सेतु के समानांतर नए 6 लेन ब्रिज का टेंडर खोलने पर फिलहाल रोक लग गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से इकोनोमिक और लोकेशनल एनेलेसिस मांगी है। मंत्रालय पीएमओ द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब अभी तैयार नहीं कर पाया है। पीएमओ को जवाब मिलने के बाद ही पटना एम्स-बेतिया नए 4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-139 डब्ल्यू) के एलाइनमेंट पर बनने वाले इस ब्रिज का भविष्य तय होगा। जेपी दीघा सेतु के समानांतर नये 6 लेन ब्रिज के निर्माण के लिये 31 जनवरी को टेंडर हुआ था और 18 मार्च को टेंडर खोला जाना था।

# कर्नाटक का इंतजार

कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद यह स्वाभाविक अपेक्षा थी कि राज्य के मुख्यमंत्री का चयन जल्द हो जाएगा, लेकिन मौजूदा दौर में देश की राजनीति, खासकर दोनों प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की सियासत इतनी जटिल हो चली है कि स्पष्ट जनादेश के बाद भी अब कई-कई दिनों तक कयासों के बाजार गरम रहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि बहुमत प्राप्त दल के विधायक अपना नेता चुनेंगे, नेता राज्यपाल के सम्मुख दावा पेश करेगा, राजभवन न्योता देगा और मुख्यमंत्री के शपथ-ग्रहण के साथ ही लोकप्रिय सरकार अपने कामकाज शुरू कर देगी। दुर्योग से राष्ट्रीय पार्टियों, खासकर कांग्रेस और भाजपा में यह परिपाटी मजबूत हो चली है कि विधायक दल अब नेता चुनने का अधिकार केंद्रीय आलाकमान को सौंपने लगे हैं। निस्संदेह, यह इंतजार संविधान की मूल भावना के विपरीत है, मगर महत्वाकांक्षाओं का टकराव और नैतिकता का क्षरण इतना अधिक हो चला है कि आलाकमान के लिए भी फौरन निर्णय करना संभव नहीं होता। कर्नाटक के मामले में यह एक बार फिर देखने को मिला है। विडंबना देखिए, क्षेत्रीय दलों के आगे यह संकट कभी खड़ा नहीं होता। चूंकि उनमें से ज्यादातर पारिवारिक, व्यक्ति-विशेष केंद्रित दल हैं, इसलिए उनके मुखिया ही स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होते हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस में केंद्रीय नेतृत्व की पसंद इतनी अहम हो चुकी है कि विधायकों की राय का खास महत्व नहीं रह गया है। इसीलिए अब ये पार्टियां राज्यों में मुख्यमंत्री पद का चेहरा भी सामने नहीं रखतीं। आजादी के बाद लोकतांत्रिक परंपरा यही थी कि विधायक दल की बैठक में नेता बनने के आकांक्षी विधायक अपना-अपना दावा पेश करते थे और गोपनीय मतदान पद्धति के जरिये सर्वाधिक विधायकों की पसंद के नेता के नाम का एलान पर्यवेक्षक कर दिया करते थे। लेकिन राज्यों की सियासत पर पकड़ बनाए रखने की आलाकमान की चाहत ने इस स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा को हाशिये पर डाल दिया। निस्संदेह, इस आलाकमान संस्कृति को कांग्रेस ने ही गढ़ा व दशकों तक पाला-पोसा, लेकिन अब उसकी समस्या यह है कि उसका केंद्रीय नेतृत्व सत्ता से बाहर है, ऐसे में जो क्षत्रप हैं, वे आसानी से झुकने को तैयार नहीं होते, क्योंकि उन्होंने राज्यों में अपनी इतनी जमीन तो बना ही ली है कि वे सौदेबाजी कर सकें। राजस्थान का प्रकरण सबसे ताजा है। ऐसा नहीं कि यह संकट सिर्फ कांग्रेस का है। भाजपा भी जब केंद्र की सत्ता में नहीं थी, तब उसे अपने मजबूत क्षत्रपों के गरम तेवरों से दो-चार होना पड़ा था। साफ है, वैचारिक प्रतिबद्धताओं से कम, और सत्ता से अधिक संचालित होने वाली वर्तमान राजनीति में किसी भी राष्ट्रीय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व तभी प्रभावशाली बना रह सकता है, जब वह चुनावों में वोट खींचने का माद्दा रखता हो या फिर उसके हाथों में केंद्र की सत्ता हो। यही वे तथ्य हैं, जब दोनों बड़ी पार्टियों को गंभीरता से सोचना होगा कि सत्ता के बजाय सिद्धांतों व कार्यक्रमों की राजनीति कैसे मजबूत की जाए? चुनाव में टिकट न मिलने पर दशकों की संबद्धता को लात मार देने वाली अवसरवादिता पर रोक भी तभी लगेगी।

# राहत का रुख

पिछले कुछ सालों से आम लोगों के लिहाज से महंगाई एक समस्या बनी हुई है। हालांकि इस बीच कई मौकों पर मुद्रास्फीति की दर में उतार-चढ़ाव बना रहा, लेकिन आय और क्रय शक्ति के संदर्भ में देखें तो महंगाई ज्यादातर लोगों के लिए लगातार एक चुनौती ही है। लेकिन हाल के आंकड़ों के मुताबिक, पहले खुदरा और अब थोक, दोनों ही मामले में महंगाई की दर में आई कमी के रुख ने लोगों को राहत दी है। गौरतलब है कि अप्रैल में खुदरा महंगाई 4.70 फीसद रही, जो बीते अठारह महीने के दौरान इसका न्यूनतम स्तर है। अब थोक महंगाई भी ऋणात्मक 0.92 फीसद पर आ गई, जो पिछले करीब तीन साल में इसका न्यूनतम स्तर है। जाहिर है, थोक महंगाई की दर शून्य से भी नीचे जाना बाजार में वस्तुओं की आवक के लिहाज से सकारात्मक है और इसका स्वाभाविक असर वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ना चाहिए। कई बार थोक महंगाई का स्तर तो नीचे जाता है, लेकिन बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन थोक के साथ-साथ खुदरा महंगाई के हाल के आंकड़ों में अगर स्थिरता बनी रही, तो इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। यह बदलाव इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि बीते ग्यारह महीने के दौरान आरबीआइ यानी भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से तय खुदरा महंगाई सहनीय स्तर से ऊपर ही रही थी। दरअसल, आरबीआइ को इसे चार फीसद तक सीमित रखने का लक्ष्य मिला हुआ है, जिसमें दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी की गुंजाइश छोड़ी गई है। यानी यह दो से छह फीसद तक रहे, तब तक इसे नियंत्रण में माना जाता है, लेकिन इसमें असंतुलन होने पर आरबीआइ को हस्तक्षेप करना पड़ता है। कोरोना महामारी और पूर्णबंदी के असर से बाजार में जो स्थिति बनी थी, उसके बाद खाने-पीने से लेकर ज्यादातर जरूरत की चीजों की कीमतें बहुत सारे लोगों की पहुंच से दूर हो गई थीं। खासतौर पर सब्जियों के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहे। यह सीधे-सीधे लोगों की आय और क्रय शक्ति से जुड़ा मामला था। हालांकि अब भी रोजगार और लोगों की आय के मामले में कोई बड़ा सुधार नहीं दर्ज हो पा रहा है, लेकिन महंगाई में कमी इस चुनौती का सामना करने में मददगार साबित होगा। मुश्किल यह है कि कई बार महंगाई में कमी के आंकड़ों का असर धरातल पर नहीं दिखता है।

# 2024 में जीत की कितनी गारंटी?

MY STORY



उमेश चतुर्वेदी

दुनिया विजेताओं की बलैया लेने में कंजूसी नहीं करती। इस लिहाज से कर्नाटक विजेता कांग्रेस और राहुल गांधी का गुणगान स्वाभाविक है। लेकिन यह मान लेना कि अगले चार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का विजय रथ ऐसे ही दौड़ता रहेगा, तर्कसंगत नहीं लगता। जब 2018 में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जीत मिली थी, तब कई विश्लेषकों ने अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की वापसी की भविष्यवाणी कर दी थी। लेकिन इसके छह महीने बाद हुए आम चुनाव में मोदी ब्रैंड और मजबूत हुआ था। राजस्थान की सारी, छत्तीसगढ़ की दस और मध्य प्रदेश की 26 लोकसभा सीटें बीजेपी ने जीत ली थीं। 2018 के विधानसभा चुनावों में कर्नाटक में बीजेपी 104 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनकर भी सत्ता से दूर रह गई थी। तब भी विपक्ष को उम्मीद थी कि अगले साल मोदी को हराया जा सकता है। लेकिन करीब एक साल बाद हुए लोकसभा चुनावों में राज्य की 26 में से 25 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली।

केंद्र की सत्ता में अपने बूते पिछले नौ वर्षों से काबिज बीजेपी के हाथ से कर्नाटक की सत्ता फिसल जाना साधारण राजनीतिक घटना नहीं है। दक्षिणी राज्यों में विस्तार की कोशिश में जुटी बीजेपी के लिए कर्नाटक की हार एक बड़ा झटका है और इससे कई सवाल खड़े होते हैं। पहला, क्या इस हार से बीजेपी के लिए साल 2024 की संभावनाएं खत्म होने की शुरूआत हो गई है? दूसरा, क्या कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस केंद्रीय राजनीति में प्रभावी हो जाएगी? तीसरा, क्या इस साल के आखिर में होने वाले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में भी बीजेपी का यही हाल होने वाला है? दुनिया विजेताओं की बलैया लेने में कंजूसी नहीं करती। इस लिहाज से कर्नाटक विजेता कांग्रेस और राहुल गांधी का गुणगान स्वाभाविक है। लेकिन यह मान लेना कि अगले चार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का विजय रथ ऐसे ही दौड़ता रहेगा, तर्कसंगत नहीं लगता। जब 2018 में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को जीत मिली थी, तब कई विश्लेषकों ने अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की वापसी की भविष्यवाणी कर दी थी। लेकिन इसके छह महीने बाद हुए आम चुनाव में मोदी ब्रैंड और मजबूत हुआ था। राजस्थान की सारी, छत्तीसगढ़ की दस और मध्य प्रदेश की 26 लोकसभा सीटें बीजेपी ने जीत ली थीं। 2018 के विधानसभा चुनावों में कर्नाटक में बीजेपी 104 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनकर भी सत्ता से दूर रह गई थी। तब भी विपक्ष को उम्मीद थी कि अगले साल मोदी को हराया जा सकता है। लेकिन करीब एक साल बाद हुए लोकसभा चुनावों में राज्य की 26 में से 25 सीटों पर बीजेपी को जीत मिली। खैर,




कर्नाटक में बीजेपी की हार को उसके प्रतिबद्ध कार्यकर्ता भले नहीं देख पा रहे थे, लेकिन उनका नेतृत्व देख रहा था। सवाल लाजिमी है कि ऐसे में मोदी और शाह की जोड़ी ने पूरी ताकत क्यों झोंकी? दरअसल, मोदी-शाह और दूसरे दलों के नेताओं में यही फर्क है। गुजरात में अवश्यंभावी हार देख राहुल प्रचार छोड़ देते हैं, लेकिन हार को जीत में बदलने के लिए प्राणपण लगाने में मोदी-शाह नहीं हिचकते। कर्नाटक में अल्पसंख्यकों ने एकमुश्त कांग्रेस को वोट दिया है। शुरूआती आकलन के मुताबिक, करीब 16 प्रतिशत आबादी वाले मुस्लिम समुदाय के 82 प्रतिशत वोटरों ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है, जबकि बीजेपी को सिर्फ दो प्रतिशत मुसलमानों ने ही वोट दिया। बनारस हो या वड़ोदरा, कश्मीर हो या कन्याकुमारी, मुस्लिम मतदाता अब वोटिंग के लिए कमोबेश एक जैसा सोचने लगा है। कर्नाटक का संकेत यह है कि अब वह दूसरे दलों के बजाय कांग्रेस पर एकमुश्त भरोसा करेगा। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को कर्नाटक में एक प्रतिशत से कम वोट मिलना इसी संकेत का विस्तार है। कर्नाटक ने संकेत किया है कि अल्पसंख्यक वोट बैंक बीजेपी की ओर आकर्षित नहीं होने वाला। इससे बीजेपी-संघ के जमीनी कार्यकर्ता उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं पर सवाल उठाने लगे हैं। कुछ अन्य संकेत भी आसानी से रेखांकित किए जा सकते हैं। बीजेपी को नुकसान पहुंचाने में दूसरे दलों से आयातित नेताओं की भी भूमिका रही। बेशक सरकार बनाने के लिए उन्हें साथ लिया गया हो, लेकिन जब विरोधी माहौल बनना शुरू हुआ तो उन्होंने पुराने दलों में लौटने में देर नहीं लगाई। जगदीश शेट्टार जैसों का अलग रुख अपनाना भी बीजेपी के विरोध में गया। कर्नाटक में अपनी जीत से हिजाब और दूसरे अल्पसंख्यक मुद्दों पर बीजेपी के रुख को भी कांग्रेस जोड़ रही है। वह इसके लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी श्रेय दे रही है। हालांकि जीत के एक बड़े कारक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रहे। उन्हें पता था कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस की हार हुई तो उनकी अध्यक्षता पर सवाल उठेंगे। समाजवादी पृष्ठभूमि के मोहन प्रकाश को उम्मीदवार चयन की स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरमैन बनाया। इस समिति ने गुटबाजी पर लगाम लगाते हुए उम्मीदवारों के चयन में सावधानी बरती। चुनाव मैदान में कांग्रेस एकजुट नजर आई। नतीजा सामने है। कर्नाटक के नतीजों का पॉजिटिव असर आगामी विधानसभा चुनावों पर दिखेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। हालांकि मोदी विरोधी गोलबंदी में अब तक नेपथ्य में रहने का दिखावा कर रही कांग्रेस अपने नेतृत्व के लिए खुलकर सामने आ सकती है। कांग्रेस यह संदेश देने की कोशिश भी करेगी कि राहुल की अगुआई में भी मोदी को चुनौती दी जा सकती है। लेकिन इसका आखिरकार कैसा असर होगा, उस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। आखिर में मुलायम सिंह यादव की बात याद आती है। वह कहा करते थे कि राजनेता हमेशा चुनाव में मसरूफ रहता है। नतीजों में जीत मिले या हार, वह अगले चुनाव में जुट जाता है। जीती हुई कांग्रेस हो या हारी हुई बीजेपी, दोनों कुछ ही समय में आगामी चुनावी तैयारियों में जुटी नजर आएंगी। यह बात बुरी भले न कही जाए लेकिन राजनीति में अगर खास गुणात्मक बदलाव नहीं आ रहा तो उसके लिए कुछ हद तक लोकतंत्र का यह चलन भी जिम्मेदार है। बहरहाल, कर्नाटक के नतीजों के बाद भी राजनीति बदलने नहीं जा रही, सत्ता के खेल के कुछ नए मोहरे भले सामने आ जाएं।

# सतही राजनीति और जनाकांक्षाओं की कसौटी

भारत की जनता में सहते रहने की अदम्य शक्ति है और वह सबको अवसर देती है कि वे अपने वादों और दायित्वों के प्रति सजग रहें परंतु जनप्रतिनिधि होने पर भी ज्यादातर राजनेता जन-प्रतिनिधित्व के असली काम को संजीदगी से नहीं लेते हैं । चुनावी सफलता पाने के बाद वे यथाशीघ्र और यथासंभव सत्ता भोगने के नुस्खे आजमाने लगते हैं । ऐसे में जन-सेवा का वह संकल्प और जज्बा एक ओर धरा रह जाता है जो धूमिल रूप में ही सही उनके मन कभी तैर रहा होता था । दरअसल वे एक व्यापारी की तरह सोचने और काम करने लगते हैं। बिगड़ैल काल देवता से भयभीत वे राजनीति के व्यवसाय से (अपने लिए) समयबद्ध ढंग से अधिकाधिक धन-धान्य या समृद्धि उगाहने में दत्तचित्त जुट जाते हैं । पर आगे क्या हो सकता है इसका दर्दनाक उदाहरण पश्चिम बंगाल में जेलबंद शिक्षा मंत्री और उनके सहयोगियों से मिलता है। जिस तरह शिक्षक नियुक्ति के मामले में करोड़ों रुपयों के गम्भीर आर्थिक घोटालों का पता चल रहा है और हजारों की संख्या में नियुक्ति पा चुके शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा नौकरी से मुक्त किया जा रहा है वह स्वतंत्र भारत के राजनीतिक और शैक्षिक इतिहास में नायाब है । तेजतर्रार, लोकप्रिय और खुद को लोकसंग्रह को समर्पित कहने वाली मुख्यमंत्री की नाक तले इतना कुछ विधिवत अनियमितता के साथ कैसे होता रहा, यह घोर आश्चर्य का विषय है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि राजनीति के खिलाड़ी अहंकार में डूब कर कुछ भी करने को स्वतंत्र मान बैठते हैं । वे यह भूल जाते हैं कि समाज के स्तर पर इसके कितने दूरगामी परिणाम होंगे। वे जाने-अनजाने अच्छे-बुरे विचारों, व्यवहारों और मूल्यों के बीज बोते चलते हैं। वे आचरण और सफलता के न केवल मानक स्थापित करते हैं बल्कि उसका अपने उदाहरण के साथ उसका निदर्शन भी जनता के सामने पेश करते चलते हैं। छोटे-बड़े नेता समाज के सामने एक मॉडल के रूप में आते हैं । प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया की बेहद प्रभावी उपस्थिति से वे समाज के बड़े हिस्से को अपने असर में ले लेते हैं । वे अपनी चाल-ढाल, वेश-भूषा और बात-व्यवहार से सफलता की मंजिल तक रहे (बेहिसाब) बेरोजगार भारतीय युवा वर्ग (ब्रिगेड!) को जायज और नाजायज किसी भी तरह से काम कराने के लिए संदेश देते हैं। उपाय (साधन!) कुछ भी हो चलेगा, शर्त इतनी होती है कि उससे मनोवांछित लक्ष्य (साध्य!) की प्राप्ति (सिद्धि!) किसी भी तरह जरूर सुनिश्चित हो सके । इस क्रम में परिवार, क्षेत्र, जाति, धर्म और भाषा जैसे सरोकार भी दावेदार होते हैं। इनमें से किसका कितना जोर चलेगा यह उस समय की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। यह बड़ा ही दुखद है कि सेवा-धर्म के साथ शुरू हुई राजनीति ने जो अपना कलेवर बदलना शुरू किया तो अब उसका कोई अंत ही दृष्टि में नहीं आता । बाहु-बाल, अपराध और धन-बल के बढ़ते गठजोड के फलस्वरूप माफिया भी सांसद हो जाते हैं और सरकारें भी उन पर मेहरबान रहती हैं। आज राजनीति में योग्यता और सेवा का प्रश्न गौण हो रहा है। इसकी जगह जन-सम्बंध, लोकप्रियता और सम्पर्क-शक्ति को तरजीह दी जाती है। इनसे भी ज्यादा पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक औकात को महत्व मिलता है । ऐसा आदमी ठीक नेता कहा जाता है जो जनता में अपना दबदबा बनाए रखे। यह याद रखना होगा कि स्वास्थ्य, कानून, प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे तकनीकी क्षेत्रों में ज्ञान तथा कौशल की विशेषज्ञता का कोई विकल्प नहीं होता है। राजनीतिक दबाव में इसकी भी बुरी तरह उपेक्षा होने लगने लगी है। कोशिश यही रहती है कि यथाशक्ति अपना, अपने भरोसे का, अपनी जाति बिरादरी का, अपनी विचारधारा का या फिर किसी तरह से (आर्थिक या अन्य) लाभ पहुंचाने वाले आदमी को मौका दिया जाए। बिहार और पश्चिम बंगाल में सरकारी भर्तियों में ह्यकैश या काइंडह्ण में लाभ ले कर नौकरी देने की सरकारी नीति के उपयोग के जो मामले उभर कर सामने आ रहे हैं वे आंख खोल देने वाले हैं । इन सब में सत्ता का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया है और आंख मूंद कर अवैध कमाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अपने आदमियों को (ही) भरने के दुराग्रह के तात्कालिक लाभ दिखते हैं और कुछ (अवांछित) लोगों को नौकरी और अन्य लाभ भी मिल जाते हैं । उन लोगों से दल विशेष को लाभ भी मिल सकता है परन्तु अंततः उस तरह का निवेश सामाजिक अन्याय का ही रूप लेगा । यदि और जगहों की खोज खबर ली जाए तो इस तरह की और गड़बड़ियां भी जरूर मिलेंगी जहां विभिन्न पदों पर धन ले कर नियुक्तियां हुई हैं। राजनीतिक संस्कृति का अनिवार्य अंश बनता जा रहा सीमित स्वार्थ का विषाणु राजरोग की तरह जीवन के अनेक क्षेत्रों को बुरी तरह संक्रमित करता जा रहा है और कार्य संस्कृति को बाधित कर रहा है । लोगों को लग रहा है कि राजनीति की इस टेढ़ी चाल से शिक्षा की व्यवस्था और प्रशासन की प्रणाली ध्वस्त होती जा रही है । आम जनों का विशेष कर युवा वर्ग का अपनी योग्यता, क्षमता, परिश्रम और ईमानदारी पर से भरोसा उठता जा रहा है। ऐसा करते हुए नेता गण यह भूल जा रहे हैं कि पूर्वाग्रह के आधार पर भेद-भाव की नीति के साथ प्रजातंत्र की गाड़ी ज्यादा आगे नहीं जा सकती । इस तरह की असमानताओं को प्रकट और प्रच्छन्न रूप से लागू करना समाज के प्रति अक्षम्य अपराध होगा जिसका लाभ किसी को नहीं होने वाला है। सत्ता में आने के पहले राजनेता चुनावी दंगल में एक व्यापक दृष्टि के साथ सामने आते हैं और अचानक जादू का पिटारा खुलने लगता है। एक के बाद एक वादे किए जाते हैं । मतदाता को संतुष्ट करने का कोई दांव नहीं छोड़ा जाता है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



भारत के हर घर में नल और जल पहुंचाने के प्रधानमंत्री श्री @NARENDRAMODI के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह उपलब्धि एक बड़ा मील का पत्थर है। जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह जी को बधाई एवं शुभकामनाएं।

**(रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्विटर अकाउंट से)**



सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी दिल्ली झारखंड भवन निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता को लेकर काफी नाराज है। मेरा सुझाव है कि इस गुणवत्ता की जाँच इंजीनियर वीरेंद्र राम से करायी जाये। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्यों कि आज से लगभग डेढ़ साल पहले कांची नदी में पूल धंस गया था, तो आपकी सरकार ने इसकी जांच का दायित्व वीरेंद्र राम जैसे महाभ्रष्ट अधिकारी को सौंपा था और आज तक किसी पर कारवाही नहीं हुई। मुख्यमंत्री जी, पहले तो आपके गुर्गे अपने मनचाहे लोगों से पैसे लेकर उसकी पोस्टिंग करवाते हैं, उससे मनचाहे लोगों को ठेका दिलवाते है, फिर उस ठेके पर मोटी कमीशन लेते है और फिर आपके भ्रष्ट अधिकारी ही उसके गुणवत्ता की जाँच करते हैं। जनता सब समझती है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# भारत के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले का खतरा!

साइबर सुरक्षा आज वैश्विक मुद्दा है। जितनी तीव्र गति से भारत समेत विभिन्न देशों में डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है, उतनी ही गति से साइबर हमलों का खतरा मंडरा रहा है। भारत के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले का खतरा बना हुआ है। अमेरिका, भारत और ब्राजील साइबर हमलावरों के सीधे निशाने पर हैं। स्वास्थ्य और वित्त क्षेत्र के साथ-साथ विमानन उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा सेक्टर और तकनीकी कंपनियों जैसे मूलभूत ढांचे के महत्वपूर्ण अंगों को साइबर हमलों का निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि भारत अपनी साइबर सुरक्षा पर काफी ध्यान दे रहा है, परंतु नवंबर 2022 में जिस तरीके से भारत के सबसे शीर्ष चिकित्सा संस्थान- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को निशाना बनाया गया, वह अत्यंत चिंताजनक है। सवाल यह है कि अगर साइबर हमलावर भारत के मूलभूत ढांचे मसलन ऊर्जा आपूर्ति, रेलवे सिगनलिंग, पीएनजी गैस आपूर्ति, बैंकिंग सिस्टम को हैक कर लेते हैं तो क्या भारत इससे निपटने में सक्षम है? क्या भारत में सूचना तंत्र की सुरक्षा के उपाय पर्याप्त हैं? वर्ष 2022 में भारत के सरकारी संस्थानों पर 82 साइबर हमले हुए। यह आंकड़ा पिछले वर्ष 2021 की तुलना में आठ गुना अधिक है। साइबर हमलों का अध्ययन करने वाली कंपनी क्लाउडसेक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सरकारी संस्थाओं को टार्गेट करने वाले साइबर हमलों में तीव्र वृद्धि हुई है। 2021 में देश के सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में सिर्फ 11 हमले दर्ज किए गए थे। भारत की कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (उएफळ-कठ) ने 2022 की अपनी इंडिया रैनसमवेयर रिपोर्ट में कहा था कि भारत में महत्वपूर्ण मूलभूत ढांचे समेत तमाम क्षेत्रों पर रैनसमवेयर के हमलों की संख्या में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह विदित है कि साइबर हमले से एम्स की गतिविधियों पर अत्यंत प्रतिकूल असर पड़ा था। अस्पताल के मुख्य और बैकअप सर्वर में सभी फाइलें करप्ट हो गई थीं। साइबर हमलावर लगभग चार करोड़ मरीजों का आंकड़ा चुराने में सफल रहे। इसमें बेहद संवेदनशील आंकड़े भी शामिल हैं। यह भी ज्ञात है कि वर्ष 2021 में अमेरिका की औपनिवेशिक पाइप लाइन में रूसी हमलावरों ने रैंससमवेयर से हमला किया था। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई थी। यह पाइप लाइन छह दिन के लिए ठप हो गई थी। अमेरिका के 17 राज्यों में गैस की जबरदस्त किल्लत हो गई थी। वास्तव में रैंसमवेयर एक तरह का मैलवेयर है जो कंप्यूटर फाइलों, सिस्टम अथवा नेटवर्क को एक्सेस करने से रोकता है। हमलावर इसके माध्यम से पीड़ित पक्ष से अपनी मांग पूरी करवाता है। क्लाउडसेक का मानना है कि विश्वभर में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हो रहे हैं, उनमें भारत का स्थान दूसरा है। वर्ष 2021 में दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हुए, उनमें से 7.7 प्रतिशत भारत पर हुए थे। हालांकि साइबर हमलों के मामले में सबसे ज्यादा निशाने पर अमेरिका ही है। 2021 में पूरी दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर हुए साइबर हमलों में से अकेले अमेरिका पर 28 प्रतिशत हमले हुए थे। ये दुनिया के तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण का नतीजा है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण ऐसा हो रहा है। एक अन्य सॉफ्टवेयर सुरक्षा कंपनी इंडसफेस ने कहा कि उसके ग्राहकों पर दस लाख से ज्यादा साइबर हमले हुए, इनमें से 2,78,000 हमले भारत में हुए। जी-20 देशों का मानना है कि आगामी समय में विभिन्न देशों में जीवन के अनेक पहलुओं की कंप्यूटर, स्मार्ट फोन और इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ेगी। इससे देशों को लाभ भी होगा लेकिन इससे साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ेगा। देशों के पास स्थायी विकास के लक्ष्य हासिल करने के लिए अब दस साल से भी कम समय बचा है, लेकिन साइबर हमलों से दुनिया को होने वाला नुकसान वर्ष 2025 तक 10 खरब डॉलर तक पहुंचने की आशंका है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



बहुआयामी प्रतिभा के धनी डा. करमा उरांव के निधन से न केवल आदिवासी समाज बल्कि हर वर्ग के लोग आहत हैं। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जिसमें डा. करमा उरांव की पैठ नहीं रही हो। वे रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष तो रहे ही थे, सामाजिक विज्ञान विभाग के पूर्व संकायाध्यक्ष भी थे। इसके अलावा एक शिक्षाविद, अंतरराष्ट्रीय मानवशास्त्री, झारखंड के सामाजिक, राजनीतिक अगुआ के रूप में उनकी पहचान रही। डा. करमा उरांव ग्रामीण क्षेत्र के एक साधारण परिवार में जन्मे थे। गांव के स्कूल से मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त कर उच्चतर शिक्षा के लिए रांची विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग में अध्ययन करते हुए छात्र जीवन में यूनिवर्सिटी छात्र संघ अध्यक्ष चुने गए। यही कारण था कि हाल के दिनों तक छात्र राजनीति से जुड़े छात्र उनसे संपर्क में रहते थे। यूनिवर्सिटी में व्याख्याता पद पर सेवा देते हुए बीपीएससी के सदस्य के रूप में चयन हुआ और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही यूनिवर्सिटी में समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष के पद पर भी सेवा दी। देश-विदेश में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए। जिससे इन्हें अंतरराष्ट्रीय विद्वत मानवशास्त्री के रूप में जाना जाता है। अपनी प्रतिभा से लगातार विकास की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने झारखंडी समाज का हमेशा नेतृत्व किया। उनके निधन से झारखंडी जनता आहत है। आदिवासी समाज ऐसा महसूस कर रहा है कि हमारा अगुआ हमें छोड़कर चला गया। ऐसे काफी कम शख्सियतें रही हैं जिनके इतने सारे आयाम रहे हों। इसके बावजूद डा. करमा उरांव ने सादगी भरा जीवन जिया। हमेशा सरल और सहज रहे।

**अमर महतो, प्रदेश महासचिव नेशनल पीपुल्स पार्टी झारखंड ।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगी आरसीबी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबल होगा। आरसीबी की टीम के लिए ये मैच बेहद अहम है। प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखने के लिए उसे ये मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। आरसीबी के अभी 12 अंक हैं और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। ऐसे में उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बचे हुए दोनो ही मैच जीतने होंगे। एक भी मैच में हार का मतलब बाहर होना है। आरसीबी ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इसका लाभ उसे इस मैच में मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स की टीम के अब तक आठ अंक है और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी प्रतिष्ठा बचाना और आरसीबी की संभावनाओं को समाप्त करना रहेगा। टीम के लिए ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि इस सत्र में उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। उसे केवल अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा।

वहीं आरसीबी की टीम पूरी ताकत से इस मैच में उतरेगी। उसे इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। विराट के अलावा टीम की बल्लेबाज कप्तान फाफ डुप्लेसी पर भी आधारित रहेगी। विराट आरसीबी के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक हैं पर लगातार दो मैचों में असफलता से उनपर दबाव रहेगा। वह इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। वहीं कप्तान डुप्लेसी ने इस सत्र में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। इन दोनों के अलावा टीम के पास ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जैसा खिलाड़ी है। मैक्सवेल ने इस सत्र में पांच अर्धशतक लगाये हैं। इन तीनों के अलावा टीम के अन्य बल्लेबाज रन बनाने में असफल रहे हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने पिछले मैच में रॉयल्स को 59 रनों पर ही समेट दिया था। ऐसे में वह इस मैच के लिए



आत्मविश्वास से भरे होंगे। टीम के गेंदबाजों वेन पार्नेल, माइकल ब्रेसवेल, कर्ण शर्मा, मोहम्मद सिराज ने अच्छी गेंदबाजी की थी। जिसे वे इस मैच में भी जारी रखना चाहेंगे।

अब देखना होगा कि सनराइजर्स टीम इस मैच में किस प्रकार आरसीबी का सामना करती है। सनराइजर्स के लिए ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि अब तक वह गेंदबाजी ओर बल्लेबाजी दोनो में ही विफल रही है। बल्लेबाजी में हेनरिच क्लासेन और राहुल त्रिपाठी के अलावा कोई भी रन नहीं बना पाया है। कप्तान एडेन मार्करम भी अब तक नाकाम रहे हैं। इसके अलावा युवा हैरी ब्रुक भी शुरुआती मैचों के बाद अपनी चमक खो बैठे हैं। बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का बल्ला भी खामोश बना हुआ है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर मयंक मार्कंडेय के अलावा अन्य सभी विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), आकाशदीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज़ अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाख, केदार जाधव।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडेन मार्करम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह।

# जोकोविच ने इटालियन ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे के बाद नॉरी पर लगाया बुरे बर्ताव का आरोप



**रोम (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन टेनिस में कैमरून नॉरी के खिलाफ 6-3 6-4 की जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के बाद ब्रिटेन के इस खिलाड़ी के खिलाफ मैच के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने का आरोप लगाया। सर्बिया के इस खिलाड़ी ने लगातार 17वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि नॉरी ने इस मुकाबले में कई बार बुरा बर्ताव किया। मैच के दूसरे सेट में जोकोविज के अंक गंवाने के बाद भी नॉरी ने गेंद पर प्रहार किया जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन के पिंडलियों में जाकर लगी। जोकोविच ने इस बात को भी मुद्दा बनाया कि नॉरी ने मैच खत्म होने से ठीक पहले 'मेडिकल टाइम आउट' लिया।

जोकोविच ने कहा, '' जब उसका शॉट मुझे लगा तब मैंने भी रिप्ले देखा था। शायद आप कह सकते हैं कि उसने मुझे जानबूझकर नहीं मारा।'' उन्होंने कहा, '' यह सिर्फ इसी घटना के बारे में नहीं था। मैच के शुरू होने के साथ ही वह सब कुछ कर रहा था जिसकी अनुमति (लेकिन वह खेल भावना के खिलाफ था) थी। उसे मेडिकल टाइम आउट लेने की अनुमति है। उसे एक खिलाड़ी को गेंद से मारने की करने की अनुमति है। उसे हर अंक के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को निशाना बनाकर कुछ कहने की अनुमति है।'' उन्होंने कहा, '' एक खिलाड़ी के तौर पर हम जानते है कि यह खेल भावना नहीं है।''

महिला वर्ग में दो बार की गत विजेता इगा स्वियातेक ने डोना वेकिक को 6-3 6-4 से हराया और अगले मुकाबले में उनके सामने विंबलडन चैंपियन एलिना रायबाकिना की चुनौती होगी। पाउला बडोसा ने करोलिना मुचोवा को 6-4 6-7 6-2 से हराया। वह अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको का सामना करेंगी। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर को फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 6-7 6-2 6-2 हराया। अगले दौर में वह कैस्पर रुड के खिलाफ खेलेंगे। रूड ने लास्लो जेरे को 6-1 6-3 से हराया। डेनियल मेदवेदेव ने 2017 के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 6-2 7-6 की जीत दर्ज की।

रूस के मेदवेदेव ने जर्मनी के खिलाड़ी पर साल की तीसरी सफलता है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए वह जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हॉफमैन से खेलेंगे। हॉफमैन ने मोंटे कार्लो चैंपियन आंद्रे रुबलेव को 7-6 4-6 6-3 से हराकर उलटफेर किया। स्टेफानोस सितसिपास ने सोमवार से शुरू हुए निलंबित मैच में लोरेंजो सोनेगो को 6-3 7-6 से शिकस्त देने के बाद आधा रात (स्थानीय समय) के करीब शुरू हुए मैच में लोरेंजो मुसेटी को 7-5 7-5 से हराया।

# सुपर जायंट्स की जीत से सीएसके प्लेऑफ की दौड़ में मुम्बई से आगे हुई

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के 16 वें सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की मुंबई इंडियंस पर जीत से महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपरकिंग्स को लाभ हुआ है। सीएसके अब प्लेऑफ की दौड़ में रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस से आगे हो गयी है। सीएसके अब अंकतालिका में दूसरे नंबर पर आ गयी है। सीएसके ने अब तक 13 में से 7 मैच जीते हैं। वहीं एक मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया। ऐसे में दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला था। इससे सीएसके के अब 15 अंक हो गये हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के भी 13 मैच में 15 अंक हैं पर नेट रन औसत के आधार पर वह तीसरे स्थान है। अब तक केवल गुजरात टाइटंस ही प्लेऑफ में पहुंची है। ऐसे में तीन अन्य टीमों को लेकर अभी फैसला आना है। वहीं मुंबई के 13 मैच में 14 जबकि पंजाब के 12 मैच में 12 अंक हैं। आरसीबी के भी 12 मैच में 12 अंक हैं. मंबई को अंतिम मैच में सनराइजर्स हैदरबाद से खेलना है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई की टीम यदि यह मैच जीत लेती है, तो राजस्थान और केकेआर की टीमें अंतिम मैच जीतने पर भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएंगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को अंतिम 2 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस से खेलना है। वहीं पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उतरना है। आरसीबी और पंजाब 16-16 अंक तक पहुंच सकते हैं. ऐसे में अगर मुंबई इंडियंस को अंतिम मैच जीत मिलती है, तो तीनों ही टीमों के 16-16 अंक हो जाएंगे. ऐसे में जिसका नेट रनरेट अच्छा होगा, उसे फायदा मिलेगा।

# आईपीएल प्लेऑफ के लिए बची हुई तीन टीमों पर फैसला सात मैचों से होगा



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स की मुंबई इंडियंस पर जीत के साथ ही आईपीएल में शीर्ष चार के लिए टक्कर और रोमांचक हो गयी है। अभी तक केवल एक टीम गुजरात टाइटंस प्लेऑफ में पहुंची है। ऐसे में तीन अन्य कौन सी टीमें होंगी ये अभी देखना बाकि है। अब तक 63 मैच हुए हैं और 7 मुकाबले खेले जाने हैं उन्हीं के आधार पर बची हुई तीन टीमों पर फैसला होगा। इसके साथ ही नेट रन रेट भी मायने रखेगा। प्राप्त अंकों के बराबर होने पर नेट रन रेट जिसका ज्यादा होगा वही प्लेऑफ में पहुंचेगी।

गुजरात ने ग्रुप स्टेज के 13 मैचों में 9 जीत दर्ज की हैं और अभी उसे एक और मुकाबला खेलना है। गुजरात वह मैच हार भी जाती है तो भी पहले नंबर पर ही रहेगी पर उससे मुकाबला करने वाली टीम के लिए जीत फायदेमंद रहेगी।

अभी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के 15 अंक, लखनऊ सुपर जायंट्स के 15 अंक और मुंबई इंडियंस के 14 अंक हैं। ये तीनों ही अंक तालिका में दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर है। इन तीनों टीमों की प्लेऑफ में जगह अभी भी तय नहीं हुई है और तीनों टीमों को एक-एक मुकाबले खेलने हैं। इनमें से अब कोई भी टीम एक भी मैच हारती है तो वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। लखनऊ और चेन्नई अपना अंतिम मुकाबला जीत जाती है तो प्लेऑफ में दोनों टीमों की जगह पक्की हो जाएगी। चेन्नई को अपना ग्रुप स्टेज का अंतिम मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है, जबकि लखनऊ को अपनी आखिरी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलना । इनके बाद मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के बीच बचे हुए स्थान के लिए मुकाबला तेज जो जाएगा। इन तीनों टीमों को एक दूसरे के खिलाफ मुकाबला नहीं खेलना है। ये तीनों टीमें अपना-अपना आखिरी मुकाबला जीत जाती हैं तो तीनों टीमों के 16-16 अंक हो जाएंगे और इसके बाद नेट रन रेट पर मामला अटक जाएगा और जिस टीम का बेहतर नेट रन रेट होगा, वही टीम क्वालीफाई कर लेगी। नेट रन रेट के मामले में पंजाब किंग्स अभी सबसे खराब स्थिति में है।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने गांगुली की सुरक्षा बढ़ायी

## -अब जेड श्रेणी के सुरक्षा घेरे में रहेंगे




कोलकाता । पश्चिम बंगाल सरकार ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया है। अब गांगुली वाय की जगह जेड श्रेणी के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। गांगुली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष भी रहे हैं। सरकार ने गांगुली की सुरक्षा को वाय से जेड क्यों किया है। इस बारे में अब तक कोई कारण नहीं बताया गया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार गांगुली ने सुरक्षा बढ़ाये जाने का कोई अनुरोध नहीं किया गया था। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार के प्रशासनिक कार्यालय ने स्वयं ही सुरक्षा बढ़ाने पर फैसला लिया। अब तक गांगुली को राज्य सरकार से वाय श्रेणी की सुरक्षा मिलती थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी। हालांकि यह फैसला क्यों किया गया इस बारे में किसी खास वजह का पता नहीं चला। वहीं एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया कि गांगुली को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलनी चाहिए।गांगुली अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर हैं। उनकी टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है।

# भारत और पाकिस्तान सैफ कप में एक ही ग्रुप में, पांच साल बाद भिड़ेंगी दोनों फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की फुटबॉल टीम लगभग पांच साल बाद आपस में भिड़ती नजर आएंगी क्योंकि दोनों पड़ोसी देशों को बेंगलुरू में 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप के लिए समान ग्रुप में रखा गया है। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) कप के 14वें टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां हुआ जिसमें गत चैंपियन भारत, पाकिस्तान, कुवैत और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली जबकि लेबनान, मालदीव, बांग्लादेश और भूटान को ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप मुकाबले राउंड रोबिन प्रारूप के आधार पर खेले जाएंगे और प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आठ देशों का यह टूर्नामेंट कांतीर्वा स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दक्षिण एशिया से बाहर के दो देशों लेबनान और कुवैत को प्रतियोगिता में खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है।

लेबनान 99वें स्थान के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है। पाकिस्तान की रैंकिंग 195वें स्थान के साथ सबसे खराब है। भारत 101वें स्थान के साथ दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप ए का मैच टूर्नामेंट के पहले दिन 21 जून को खेला जाएगा। यह कुवैत और नेपाल के बीच टूर्नामेंट के पहले मैच के बाद दिन का दूसरा मुकाबला होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम पिछली बार ढाका में सैफ कप के 12वें सत्र के दौरान सितंबर 2018 में आपस में भिड़ी थी। भारत ने यह मैच 3-1 से जीता था लेकिन फाइनल में उसे मालदीव के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत और पाकिस्तान ने



आधिकारिक तौर पर कुल मिलाकर 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इनमें भारत ने दबदबा बनाते हुए एक दर्जन से अधिक मैच जीते हैं।

भारत ने आठ बार सैफ कप का खिताब जीता है जबकि चार बार वह उप विजेता रहा। भारत सिर्फ 2003 में ढाका में पांचवें सत्र के दौरान फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा था। तब टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए वीजा मिल जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने ड्रॉ के बाद कहा, ''पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है इसलिए यहां ड्रॉ में उनका नाम है। दक्षिण एशिया क्षेत्र के सभी देशों को इस टूर्नामेंट में खेलने का अधिकार है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन वीजा जारी करना, टीम को सुरक्षा देना, ये किसी देश के फुटबॉल महासंघ के काम नहीं हैं। एआईएफएफ प्रशासन सरकार के संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा और समय के साथ हमें जवाब मिलेगा।'' एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने पीटीआई से कहा कि पाकिस्तानी दल भारत की यात्रा के लिए वीजा का आवेदन कर चुका है और आवेदन से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

प्रभाकरन ने कहा, ''हमें यहां कोई मुद्दा नजर नहीं आता। वे (पाकिस्तानी दल) पहले ही वीजा के लिए आवेदन कर चुके हैं और प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।'' पाकिस्तान ने 1993 से अब तक आयोजित 13 टूर्नामेंट में से दो में भाग नहीं लिया है। पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) आंतरिक मुद्दों के कारण भारत में आयोजित 2015 के टूर्नामेंट में अपनी टीम नहीं भेज सका था जबकि फीफा से निलंबन के कारण टीम मालदीव में 2021 के टूर्नामेंट में भी नहीं खेल पाई थी। फीफा ने पिछले साल जून में पाकिस्तान पर लगा निलंबन हटा लिया था। यह पूछे जाने पर कि क्या एआईएफएफ को टूर्नामेंट के सुरक्षित संचालन के लिए सरकार से कोई आश्वासन मिला है, चौबे ने कहा, ''फीफा (वैश्विक संचालन संस्था) का नारा है कि फीफा फुटबॉल के माध्यम से दुनिया को एकजुट करता है। एआईएफएफ फीफा का सदस्य संघ है।'' उन्होंने कहा, ''हम फीफा चार्टर के तहत जाति, पंथ और धर्म को नहीं देखते हैं। जब कोई खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय जर्सी पहनकर मैदान में उतरता है, तो आप उस खिलाड़ी की जाति और धर्म को नहीं देखते हैं, खिलाड़ी अपने देश का प्रतिनिधित्व करता है।'' चौबे ने कहा, ''इसके अलावा, हम सरकार की अनुमति के बिना एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकते।''

# प्रणय बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग मेंसर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली । भारत के एचएस प्रणय ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में दो स्थान के लाभ के साथ ही पुरुष एकल में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रणय को अब तक 17 टूर्नामेंट से 66,147 अंक मिले हैं और वह देश के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी बने हुए हैं। पुरुषों के एकल वर्ग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत 22वें और 23वें स्थान पर हैं। वहीं महिला युगल में दो स्थान के लाभ से त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को 15 वां स्थान मिला है। इसके अलावा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल विश्व रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही 11वें पायदान पर पहुंच गयी हैं। दूसरी ओर पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दो पायदान नीचे आकर सातवें स्थान पर फिसल गयी है।



# रियाल बेटिस ने वालकानो को 3-1 से हराया

मैड्रिड । रियाल बेटिस की टीम के चैंपियंस लीग फुटबॉल में जगह बनाने की उम्मीदें बनी हुई हैं। रियाल ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रायो वालकानो को 3-1 से हराया। इसी के साथ ही इस टीम के सत्र की चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदें बनी हुई हैं। अब रियाल बेटिस की टीम रियाल सोसिडाड से केवल सात अंक पीछे रह गई है। सोसिडाड अभी चौथे स्थान पर हैं। गौरतलब है कि लीग की शीर्ष चार टीमें चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करती हैं। रियाल बेटिस अभी छठे स्थान पर हैं तथा उसके और पांचवें स्थान पर बरकरार विलारियाल के बीच अब केवल दो अंक का ही अंतर रह गया है। रियाल ने तीन मैच में जीत दर्ज नहीं करने के बाद भी शानदार वापसी की है। उसकी यह लगातार दूसरी जीत है। अब उसका अगला मुकाबला सेविला से होगा।

# टी20 लीग से द्विपक्षीय सीरीज पर खतरा मंडराया

मुम्बई । दुनिया भर में जिस प्रकार टी20 लीग बढ़ती जा रही हैं। उससे आने वाले समय में द्विपक्षीय सीरीज खतरे में पड़ जाएगी। आईपीएल फ्रेंचाइजी सिर्फ भारत में ही नहीं अब यूएई, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज में भी अपनी टीमें टी20 लीग में उतार रही हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के बाद अब सऊदी अरब में भी लीग क्रिकेट शुरु होने वाला है। इससे खिलाड़ी अब राष्ट्रीय टीम की जगह लीग से खेलने को वरीयता देने लगे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल टीमों की सालाना अनुबंध के लिए इंग्लैंड के 6 खिलाड़ियों से बात हुई है। यह करार इस साल के अंत तक हो सकता है। इसमें शामिल खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा 50 करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। वहीं इसी बीच फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (फिका) के अनुसार इंग्लैंड के ही नहीं ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को भी इसी तरह के प्रस्ताव मिले हैं। अब फिका के एक्सीक्यूटिव चेयरमैन हीथ मिल्स ने कहा कि इसका एक ही उपाय है। सभी बोर्ड को एक साथ आना और द्विपक्षीय सीरीज के कार्यक्रम में टी20 लीग को शामिल करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो खिलाड़ी टी20 लीग में पैसे के कारण आकर्षित होकर राष्ट्रीय टीम की ओर से नहीं खेलेंगे। ऐसे में टी20 लीग के लिए साल में 2 से 3 विंडो बनाई जा सकती है। सऊदी अरब भी आईपीएल की ही तरह बड़ी टी20 लीग शुरु करने की योजना बना रहा है। बीसीसीआई अभी दुनिया का सबसे धनी बोर्ड है। उसके केन्द्रीय अनुबंध के तहत टॉप ग्रेड के खिलाड़ी को अधिकतम 7 करोड़ मिलते हैं। इसके अलावा मैच फीस की रकम मिलती है। भारतीय टीम ने पिछले साल 7 टेस्ट, 24 वनडे और 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इस प्रकार एक साल में कुल 71 मैच। एक टेस्ट टेस्ट खेलने पर मैच फीस 15 लाख, वनडे के 6 लाख और टी20 के 3 लाख मिलते हैं। ऐसे में एक खिलाड़ी को मैच फीस से अधिकतम 2022 में 3.69 करोड़ रुपये मिलते हैं। इसमें केन्द्रीय अनुबंध के सात करोड़ को जोड़ दें तो यह 10.69 करोड़ हो जाएंगे।

# पाकिस्तान की उम्मीदों पर फिरा पानी, बीसीसीआई ने किया साफ, द्विपक्षीय सीरीज खेलने का भारत का नहीं है कोई प्लान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी ने तीन तटस्थ स्थानों का नाम दिया है जो एक टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान और भारत की मेजबानी कर सकते हैं। पाकिस्तान मीडिया ने आज खबर दी कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने तटस्थ स्थान पर संभावित पाकिस्तान-भारत टेस्ट सीरीज को हरी झंडी दे दी है। अब इसी को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की तरफ से भी एक बयान सामने आया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने साफ तौर पर कहा है कि भविष्य में आने वाले दिनों में इस तरह की किसी भी सीरीज की योजना फिलहाल नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह के द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के लिए तैयार नहीं है।

दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला 2012 से नहीं हुई है। दोनों देशों के रिश्तो में कड़वाहट की वजह से क्रिकेट संबंधों पर भी इसका असर पड़ता है। दोनों ही टीमें आईसीसी या बड़े टूर्नामेंटों में आमने-सामने होती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले शानदार होते हैं। लोगों की उत्सुकता भी देखने को मिलती है। रेवेन्यू के लिहाज से भी भारत पाकिस्तान के मुकाबले को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इन सबके बीच एशिया कप को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच कड़वाहट लगातार जारी है। एशिया कप की मेजबानी है इस बार पाकिस्तान को मिली थी। लेकिन भारत ने पाकिस्तान जाने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रहा है।

भारत के इस कदम का लंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी समर्थन किया है। यही कारण है कि पाकिस्तान के हाथों से एशिया कप की मेजबानी छिटकती हुई दिखाई दे रही है। इसकी वजह से पाकिस्तान पूरी तरीके से बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने तो यहां तक कह दिया कि अगर इस साल भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करता है तो हम भी विश्वकप के लिए भारत नहीं आएंगे। दरअसल भारत इस साल 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। भारत में इसकी तैयारियां फिलहाल जोरों पर है। एशिया कप को लेकर पाकिस्तान की ओर से एक हाइब्रिड फार्मूला भी दिया गया था। इसमें कहा गया था कि भारत के मुकाबले किसी अन्य तथस्ट देश में खेले जाएंगे बाकी



के सारे मुकाबले पाकिस्तान में होंगे। लेकिन इस पर बात नहीं बन सकी।पाकिस्तान मीडिया ने आज खबर दी कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने तटस्थ स्थान पर संभावित पाकिस्तान-भारत टेस्ट सीरीज को हरी झंडी दे दी है।



# एक नैशनल लेवल की फिल्म बनाएंगे प्रोसेनजीत चटर्जी

बांग्ला फिल्मों के सुपरस्टार प्रोसेनजीत चटर्जी हाल के दिनों में अपनी हिंदी वेब सीरीज जुबली ' के लिए खासी सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। पेश हैं उनसे हाल में हुई बातचीत के प्रमुख अंश –

**आपने इंडस्ट्री में 40 साल बिताए हैं। क्या नए बदलाव दिखे?**

स्टोरी तो नहीं, मगर हां स्क्रिप्ट में चेंज तो काफी आए हैं। किरदारों के इमोशन और रिलेशन खासकर बड़े रियलिस्टिक हो गए हैं। पहले के जमाने से मेरे सौ से ज्यादा गाने हैं, जहां मैं अपनी हीरोइन को किस कर रहा हूं, पर स्क्रीन पर सामने एक फूल आ गया। या पेड़ आ गया और कैमरा पैन हो गया। अब की फिल्मों में वह नहीं हो सकता। हम असल जिंदगी में जिस तरह लाइफ के साथ डील कर रहे, वैसा अब की फिल्मों में भी हो गया है। हालांकि बेशक लार्जर दैन लाइफ फिल्में भी बन रहीं हैं। वो तो रहेगा।

**एक्टिंग के अलावा फिल्ममेकिंग का कौन सा हिस्सा आप ज्यादा इंजॉय करते हैं?**

मैं पहले टेक्नीशियन हूं, फिर एक्टर हूं। मैं कोशिश करूंगा, एक डेढ़, दो साल के अंदर एक नेशनल लेवल की फिल्म बनाऊं। बंगाल में मैंने तो किया। 300–350 पिक्चर मैंने बतौर एक्टर किया। अब हमारा टाइम भी आ गया न कि पिक्चर बनाएं भी। जैसा कि अजय देवगन कर रहे। इतने लंबे समय जो हम इंडस्ट्री में रहे हैं। तो हमारा समय भी आ गया न कि हम अपना एक्सपीरिएंस साझा करें।

**क्या जुबली का अगला पार्ट भी आएगा?**

इसे काफी प्यार मिला है। इससे जुड़े हम सारे कलाकार बड़े खुश हैं। अब तो हालांकि हम सब अपने अपने कामों में बेहद बिजी हैं, मगर जब कभी हमें फुरसत मिलती है, हम सभी के टच में रहते हैं। मैं मुंबई में रहा तो मैं सबसे मिलने की कोशिश करता हूं। अगर ये कोलकाता आते हैं तो वहां हम साथ में ग्रेट टाइम स्पेंड करते हैं। हम सभी ने एक दूसरे से कमिटमेंट की है कि हम जुबली को आगे कायम रखेंगे।

**उस किरदार में आपने अपने रंग क्या भरे थे?**

दरअसल विक्रमादित्य मोटवाणी इतने अच्छे डायरेक्टर हैं कि किरदार के लिए महज एक दिन दो से तीन घंटे की ही डिसकशन उनके साथ हुआ। मैं भी चूंकि इतने सालों से काम कर रहा हूं तो मैंने पकड़ लिया कि वो क्या चाहते हैं? गौर से देखिएगा तो आप पाएंगे कि श्रीकांत रॉय में हर जगह गॉडफादर का रैफरेंस तो आ रहा है। विक्रम की ओर से हालांकि वैसा कुछ नहीं था कि उन्हें वही चाहिए। उनका बस कहना था कि उन्हें वही फॉर्मेट चाहिए। बाकी जो मेरे चोखेरबाली ' जैसे काम का आर्टवर्क रहा है, उसका भी एक्सपीरिएंस काम आया। यकीनन, उस दौरान मैंने फिर और कोई काम नहीं किया। डेढ़ साल तक कुछ नहीं किया।

**साउथ के मुकाबले बांग्ला सिनेमा कैसा परफॉर्म कर रहा?**

मैं आपसे पूछना चाहूंगा। साउथ की फिल्मों को लेकर इन दिनों चल तो रहा है वो पैन इंडिया टर्म। ये नया लैंग्वेज है। मुझे एक चीज बताइए जब रोजा आई थी या तो चोखेरबाली बनी थी, वो क्या थी? उनके डायरेक्टर्स का नाम मैं लेना चाहूंगा। मणिरत्नम और ऋतुपर्णो घोष। उन लोगों ने फिल्म बनाई थी। हर रीजनल सिनेमा में एक अलग एंबिएंस है। चोखेरबाली को हर लैंग्वेज की ऑडियंस ने देखा था। कांतारा मुझे नहीं पता था कि वो ये कमाल करेगा। उसमें कोई पैकेज नहीं है।

**श्रीकांत रॉय के किरदार को लेकर क्या चैलेंज रहे?**

वो तो हमेशा रहेंगे। मैं आज भी कैमरा रोल होता है तो मेरा दिल धक– धक करने लगता है। यहां पेचीदगी यह थी कि सीन में तो श्रीकांत रॉय लोगों को नेगेटिव लगता है, मगर वह सारे गुणा भाग अपने एंपायर को बचाने में लगा हुआ है। यहां तक कि सुमित्रा कुमारी भी कह देती है कि उस इंसान के बारे में बाकी कुछ भी कहो, मगर सिनेमा को लेकर उसकी निष्ठा के बारे में कुछ नहीं कह सकते। जैसी मेरी एक फिल्म ऋतुपर्णा घोष के साथ थी। जहां मेरा किरदार गलती करता है। उसकी पत्नी वह पकड़ लेती है। मेरे किरदार का हादसा होता है। फिर आखिर में उस इंसान को लेकर क्या धारणा बनती है, वह अपने आप में बड़ा पेचीदा था।



# करिश्मा तन्ना की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज स्कूप का ट्रेलर हुआ आउट

हंसल मेहता की अपकमिंग क्राइम ड्रामा वेब सीरीज स्कूप का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया। करिश्मा तन्ना, प्रोसेनजीत चटर्जी, हरमन बवेजा द्वारा अभिनीत यह सीरीज दो जून को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर के लिए तैयार है। हंसल मेहता की अपकमिंग क्राइम ड्रामा वेब सीरीज स्कूप का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया। करिश्मा तन्ना, प्रोसेनजीत चटर्जी, हरमन बवेजा द्वारा अभिनीत यह सीरीज दो जून को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर के लिए तैयार है। इस वेब सीरीज में करिश्मा एक क्राइम रिपोर्टर की भूमिका निभा रही हैं। इस वेब सीरीज में करीश्मा लीड रोल में दिखेंगी। ट्रेलर को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि खबरें लिखने वाली पत्रकार जागृति पुलिस, अंडरवर्ल्ड और मीडिया की सांठगांठ के बीच फंसी हुई है। एक फोन कॉल घटनाओं की एक श्रृंखला को सेट करता है। ट्रेलर में करिश्मा तन्ना के एक बेहद सफल क्राइम रिपोर्ट्स के तौर पर दिखाया गया है। उनकी पत्रकारिता की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। ट्रेलर देखकर इतना भी समझ आता है कि करिश्मा को एक मर्डर के आरोप में जेल में बंद कर दिया जाता है। वेब सीरीज स्कूप वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। इसमें करिश्मा के अलावा प्रोसेनजीत चटर्जी और हरमन बावेजा भी अहम भूमिकाओं में हैं। बता दें कि करिश्मा ने क्योंकि सास भी कभी बहू थी से टीवी की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद करिश्मा ने बॉलीवुड में कमद रखा। वह एक बेहतरीन अदाकारा हैं, स्कूप का ट्रेलर देखने के बाद इस वेब सीरीज में करिश्मा की एक्टिंग की हर तरफ तारीफ हो रही है। वेब सीरीज में दिखाया गया है कि छोटे शहर में एक पत्रकार को अपनी जान को जोखिम में डालकर क्राइम रिपोर्टिंग की जाती है। इसमें न्यूजरूम और क्राइम रिपोर्टर्स के स्ट्रगल को दिखाया गया है। जो स्कैम 1992 के फैंस हैं उन्हें इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है।



# क्या ऋषभ शेट्टी की कांतारा 2 में काम करेंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी?

ऋषभ शेट्टी की कांतारा पिछले साल रिलीज हुई थी। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित, लिखित और अभिनीत इस फिल्म ने न केवल देश में बल्कि विदेशी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। कांतारा की सफलता के बाद एलान किया गया था कि इसका सीक्वल की बनेगा। वहीं अब कांतारा 2 की शूटिंग भी जल्द शुरू होने वाली है। चर्चा है कि कांतारा 2 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आ सकते हैं। इस बात का हिंट खुद नवाजुद्दीन ने दिया है। एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए नवाजउद्दीन ने बताया कि वह ऋषभ शेट्टी के थिएटर से जुड़े हैं। ऋषभ शेट्टी अपने रूट्स और ट्रेडिशनल फॉर्म को लेकर हमेशा ईमानदार रहे हैं। नवाजुद्दीन ने कहा, यहां तक कि वह इसे लेकर एक फिल्म भी बना रहे हैं। हम दोनों के एक ही गुरु हैं। हमारे बीच एक अच्छा कनेक्शन है और हम अब दोस्त भी हैं। नवाजुद्दीन के इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे है कि वह जल्द ही ऋषभ शेट्टी की कांतारा 2 में काम करने वाले हैं। हालांकि अभी तक इसकों लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।



# अपनी बेटी समायरा रेखी के लिए बोली दीया मिर्जा

इस वर्ष अनुभव सिन्हा निर्देशित राजकुमार राव भूमि पेडनेकर अभिनीत भीड में नजर आई दीया मिर्जा, जिन्होंने 2021 में व्यवसायी वैभव रेखी के साथ शादी के बंधन में बंधी, वैभव की 14 वर्षीय बेटी समायरा रेखी के साथ अपने संबंधों पर बातचीत की है। दीया ने समायरा द्वारा अपने फोन पर दिए गए उपनाम के बारे में एक मजेदार कहानी भी साझा की। एक इंटरव्यू में दीया ने कहा कि बच्चे का सम्मान होना जरूरी है। दीया ने कहा, मैं उसे एक व्यक्ति के रूप में मानती हूं, जो वह है। मुझे लगता है कि एक बच्चे के लिए प्यार और देखभाल करना बहुत जरूरी है। लेकिन एक बच्चे के लिए एक व्यक्ति के रूप में सम्मान होना भी बहुत महत्वपूर्ण है, और मैं समायरा के साथ ऐसा इसलिए करती हूं क्योंकि मेरे माता–पिता ने मेरे साथ ऐसा किया। मुझे सौतेली बेटी शब्द से नफरत है। क्योंकि मैंने कभी अपने पिता को सौतेला पिता नहीं कहा। मेरे एक सौतेले पिता थे। समायरा के अपने लिए उपनाम के बारे में बात करते हुए, दीया ने कहा, सबसे लंबे समय तक, समायरा ने मेरा नाम अपने फोन पर अभी तक दुष्ट सौतेली माँ नहीं के रूप में सहेजा था। इसलिए मैंने अभी तक सौतेली माँ के रूप में योग्यता प्राप्त नहीं की है। मैं कभी भी दुष्ट सौतेली माँ की अवधारणा के साथ बड़ी नहीं हुई। यदि आप अच्छे लोगों को उठाना चाहते हैं जो हर किसी का सम्मान करना सीखते हैं तो आपको ऐसे लोगों को भी उठाना होगा जो समझते हैं कि कभी–कभी कुछ रिश्ते काम नहीं करते हैं और कुछ अन्य करते हैं। ज्ञातव्य है कि समायरा, वैभव की पहली शादी सुनैना रेखी से हुई, बेटी है। दीया और वैभव का एक बेटा है– अयान आजाद रेखी।



# डॉन–3 की पटकथा को पूरा करने में लगे फरहान अख्तर

शाहरुख की लगातार असफलता के बाद पठान के जरिये आई वापसी ने उन फिल्मों को फिर से पटरी पर लाने का काम कर दिया है जिन्हें शाहरुख खान के साथ बनाने की योजना काफी अरसे से रुकी पड़ी है। इनमें सबसे पहली फिल्म है डॉन, जिसके अब तक दो भाग दर्शकों के सामने आ चुके हैं और दोनों को ही दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला है। बताया जा रहा है कि फरहान अख्तर ने अपनी निर्मित निर्देशित डॉन के 3रे भाग की पटकथा पर काम शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी स्वयं निर्माता रितेश सिद्धवानी ने दी है। गलियारों में बहती हवाओं ने संकेत दिया है कि फरहान अख्तर इस फिल्म को 2024 में शूट करना शुरू करेंगे और इसे 2025 दीपावली के मौके पर प्रदर्शित करने की योजना बन रही है। अगर ऐसा होता है तो सम्भवतया यह पहला मौका होगा जब शाहरुख की फिल्मों को लगातार जबरदस्त सफलता मिलेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार निर्माता–निर्देशक रितेश सिद्धवानी ने खुद इन खबरों पर पक्की मुहर लगाई है। हाल ही में फिल्ममेकर ने एक इंटरव्यू में बताया कि शाहरुख खान की फिल्म डॉन 3 पर तेजी से काम चल रहा है। उनके पार्टनर फरहान अख्तर जो इस फिल्म के राइटर भी हैं। वो फिलहाल इस फिल्म की स्क्रीप्टिंग पर तेजी से काम कर रहे हैं। जैसी ही फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी होगी आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शाहरुख खान तमिल निर्देशक एटली कुमार की फिल्म जवान को पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास निर्देशक राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी भी है। साथ ही वो सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में कैमियो भी करते दिखेंगे।

# जून 2 को प्रदर्शित होगी सारा-विक्की की फिल्म जरा हटके-जरा बचके

जवान की प्रदर्शन तिथि में बदलाव होते ही कई फिल्मों की प्रदर्शन तिथि में बदलाव देखने को मिला। 2 जून को प्रदर्शित होने वाली जवान 7 सितम्बर को प्रदर्शित होगी। जवान की तारीख को निर्माता निर्देशक दिनेश विजान ने अपने बैनर मैडॉक फिल्म्स सारा अली खान और विक्की कौशल अभिनीत फिल्म, जरा हटके जरा बचके के लिए रिजर्व कर लिया। पिछले कई दिनों से इस फिल्म के शीर्षक को लेकर उहापोह चल रही थी, जिसे भी निर्माताओं ने अब दर्शकों के सामने रख दिया है। उरी अभिनेता ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया और एक वीडियो साझा किया और खुलासा किया कि ट्रेलर 15 मई को जारी किया जाएगा। विकी कौशल और सारा अली खान की अगली फिल्म का नाम जरा हट के जरा बच के रखा गया है। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित फिल्म 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने ट्रेलर को विक्की कौशल के जन्मदिन से एक दिन पहले 15 मई को रिलीज करने का भी फैसला किया है। इससे पहले उम्मीद की जा रही थी कि एक्टर के बर्थडे पर मेकर्स फैंस को सरप्राइज देंगे. हालांकि, इस साल विक्की के पास खुश होने के दोहरे कारण होंगे। शीर्षक के अलावा, निर्माताओं ने फिल्म से सारा और विक्की के लुक को भी साझा किया, जहां वे एक जोड़े की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। सितंबर 2021 में, यह घोषणा की गई थी कि विक्की कौशल और सारा अली खान एक रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म करेंगे, जिसका निर्देशन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, जिन्होंने मिमी को निर्देशित किया था। फिल्म मध्य प्रदेश में स्थापित एक छोटे शहर की प्रेम कहानी को दिखाती है। उन्होंने इस साल जनवरी में शूटिंग पूरी की। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान के मैडॉक स्टूडियो द्वारा किया गया है।



# अजय देवगन की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म में हुई ज्योतिका एंट्री



बॉलीवुड एक्टर जल्द देवगन जल्द ही एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ आर माधवन भी नजर आने वाले हैं। यह गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक होगी। इस फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी। हालांकि अभी तक इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। इस फिल्म को अजय देवगन प्रोड्यूस भी करेंगे। वहीं अब अजय देवगन की इस सुपरनैचुरल थ्रिलर में आर माधवन के बाद एक साउथ एक्ट्रेस की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म के जरिए एक्ट्रेस ज्योतिका 25 साल बाद हिंदी फिल्मों में वापसी करने जा रही हैं। मेकर्स ने इसका आधिकारिक ऐलान भी कर दिया है। निर्माताओं ने घोषणा की कि साउथ अभिनेत्री ज्योतिका, विकास बहल के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में शामिल होने वाली हैं और वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# क्या लिजा मलिक बनेंगी बिग बॉस 17 का हिस्सा?

बिग बॉस का नया सीजन नजदीक आने के साथ ही ऐसी कई खबरें आ रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री और गायिका लिजा मलिक इस शो में नजर आने वाली हैं। कॉमेडी क्लासेस, कॉमेडी सर्कस, भाग बकूल भाग और डांसिंग क्वीन जैसे शो में अपनी उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली लिजा मलिक को कई रियलिटी और कॉमेडी शो में देखा गया है। खबरों के अनुसार बिग बॉस 17 में एक प्रतियोगी के रूप में शो में प्रवेश करने के लिए लिजा मलिक से संपर्क किया गया है।